●वर्ष : 16 ●अंक : 208 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED


Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
बुधवार 20 नवम्बर 2024

# मुंबई में वोटिंग से पहले क्यों मचा हंगामा

## विनोद तावड़े की बैठक



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर वोटरों को लुभाने के लिए पैसे बांटने का गंभीर आरोप लगा है. तावड़े के कमरे से 9 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए हैं. बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि तावड़े पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में पैसे बांटने आए थे. उन्होंने मीटिंग की जगह पर विनोद तावड़े को घेर लिया और जमकर हंगामा किया. इसका वीडियो भी सामने आया है. इसके बाद विनोद तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। विनोद तावड़े पर पैसे बांटने के आरोप के बाद महाराष्ट्र का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है. बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकताओं ने तावड़े को घेरकर पैसे दिखाए और जमकर हंगामा किया. जानकारी के मुताबिक उन्होंने विनोद तावड़े की गाड़ी के टायर फाड़ दिए, जिसकी वजह से उन्हें वहां से हितेन्द्र ठाकुर की गाड़ी से रवाना होना पड़ा।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि मुंबई के विवांता होटल में विनोद तावड़े और स्थानीय नेता राजन नाइक को बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकताओं ने घेर लिया. बीवीए के कार्यकर्ता हाथों में नोटों के पैकेट लेकर लहरा रहे हैं और उसे कैमरे में दिखा रहे हैं. इस दौरान बीजेपी नेता विनोद तावड़े वहां बैठे हुए दिखाई देते हैं। मौके पर भाजपा और बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकताओं के बीच जमकर हंगामा भी हुआ. स्थित तनावपूर्ण होने के चलते होटल को सील कर दिया गया है। इसके बाद चुनाव आयोग की शिकायत पर तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. हालांकि एफआईआर कैश मिलने के मामले में दर्ज हुई नहीं हुई है. प्रचार खत्म होने के बाद आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में उनके खिलाफ विरार के तुलिंज पुलिस स्टेशन में ये केस रजिस्टर हुआ है. उनके अलावा बीजेपी उम्मीदवार राजन नाइक पर भी केस दर्ज हुआ है। तावड़े ने मीडिया से कहा, "नालासोपारा के विधायकों की एक बैठक चल रही थी. मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीनों को कैसे सील किया जाएगा और अगर कोई आपत्ति करनी है तो कैसे किया जाएगा. मैं उन्हें इसके बारे में बताने के लिए वहां गया था. लेकिन बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकताओं ने सोचा कि हम पैसे बांट रहे हैं. चुनाव आयोग और पुलिस को जांच करने दें, मैं 40 साल से पार्टी में हूं, पूरी पार्टी मुझे जानती है. फिर भी मेरा मानना ??है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महायुति को मिल रहे अपार समर्थन से हताश विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाकर इसे मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है. चुनाव आयोग इस मामले में निष्पक्ष जांच करे, ये मेरा आग्रह है। उधर, भाजपा नेता विनोद तवाड़े के वायरल वीडियो पर शिवसेना (यूबीटी) ने भी निशाना साधा. शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "एक पैसा फेंक, इलेक्शन कमीशन तमाशा देख, जनता अब देगी तमाचा एक। विनोद तावड़े के मामले में उद्धव ठाकरे ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि क्या यह नोट जिहाद है, क्या बाटेंगे तो जीतेंगे. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग क्या कार्रवाई करता है ये देखना होगा, महाराष्ट्र की जनता ने सब कुछ खुली आंखों से देखा है, कल जनता ही इसका फैसला करेगी। वहीं संजय राउत ने कहा कि विनोद तावड़े बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव हैं. तावड़े अनुभवी नेता हैं. उसके बावजूद वे पैसे बांटते हुए पकड़े गए. उन्होंने पूछा कि क्या बीजेपी के अंदर से किसी ने तावड़े को फंसाने की कोशिश की है. इससे एक बात साफ है कि बांटेंगे तो जीतेंगे ये बीजेपी को पता है. चुनाव में बीजेपी का असली चेहरा सामने आ गया है। कांग्रेस ने भी विनोद तवाड़े के वायरल वीडियो को लेकर भाजपा पर निशाना साधा. कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े महाराष्ट्र के एक होटल में पैसे बांटते हुए पकड़े गए हैं. विनोद तावड़े बैग में पैसे लेकर गए थे और वहां पर लोगों को बुला-बुलाकर पैसे बांट रहे थे. ये खबर जब जनता को पता चली तो भारी हंगामा हो गया. पैसों के साथ विनोद तावड़े के कई वीडियो सामने आ रहे हैं. महाराष्ट्र में वोटिंग होने वाली है, उससे ठीक पहले भाजपा के नेता पैसों के दम पर चुनाव को प्रभावित करने में लगे हैं. इसमें कार्यकताओं से लेकर बड़े-बड़े नेता तक शामिल हैं. चुनाव आयोग को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## ज्वलंत मुद्दा
### सम्पादकीय



### केजरीवाल के लिए बहुमत पाना होगा मुश्किल

रविवार को दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने वाले कैलाश गहलोत ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि गहलोत के आतिशी मंत्रिमंडल और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि उनका अगला ठिकाना भाजपा ही होने जा रहा है। इसी के साथ अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि कैलाश गहलोत कुछ महीनों बाद ही दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कितना फायदा पहुंचा सकते हैं। सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या कैलाश गहलोत का कद वाकई इतना बड़ा है कि 'शीशमहल' सहित उनके द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों से अरविंद केजरीवाल की छवि को कुछ नुकसान पहुंच सकता है। यह बात बिल्कुल सही है कि कैलाश गहलोत आज जो आरोप लगा रहे हैं,लगभग उसी तरह के आरोप भाजपा पिछले लंबे समय से लगा रही है। दूसरी बात यह है कि , यह सब जानते हैं और मानते भी हैं कि आज की तारीख में आम आदमी पार्टी वन मैन पार्टी बन कर रह गई है। आप का मतलब, आज की तारीख में सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही रह गया है। ऐसे में बाकी मुद्दे लगभग गौण हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में सबसे बड़ी ताकत वो लाभार्थी वर्ग है जो उन्होंने महिलाओं को फ्री डीटीसी बस सेवा और दिल्लीवासियों को फ्री बिजली और पानी देकर तैयार किया है। इसके साथ ही केजरीवाल ने बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों के साथ-साथ जाट और मुस्लिम समुदाय के सॉलिड वोट बैंक का इतना मजबूत किला बना रखा है कि जिसे ढहाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यही वजह है कि भाजपा इस बार अरविंद केजरीवाल के मजबूत मोहरों के सहारे ही उन्हें विधानसभा चुनाव में मात देना चाहती है। कैलाश गहलोत का भाजपा में आना तो महज एक शुरूआत माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में केजरीवाल के कई कद्दावर नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। ये सभी नेता आप सरकार की विफलताओं के साथ- साथ केजरीवाल की छवि पर भी चोट करेंगे। कैलाश गहलोत को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा ने दिल्ली के जाट समुदाय को बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। आने वाले दिनों में भाजपा , आप में और ज्यादा तोड़-फोड़ कर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले दिल्ली के मतदाताओं को भी लुभाने का प्रयास करेगी। अगर वाकई भाजपा, अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# चुनाव आते ही भाजपा के लोग धर्म और जाति की बात करते हैं : किशोरी लाल शर्मा

नूना न्यूज एजेंसी।



**अमेठी (उप्र)।** अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो इसके नेता धर्म और जाति और समाज को विभाजित करने की बात करते हैं। किशोरी लाल शर्मा यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे जो अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर पूछे गए सवाल पर किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। शर्मा ने कहा कि इनके पास धर्म-जाति की राजनीति करने और समाज को बांटने के अलावा कोई कुछ नहीं है। ये बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं, ये महंगाई की बात नहीं करते हैं और ये शिक्षा की बात नहीं करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ये भाई से भाई को लड़ाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी राजनीति को देश स्वीकार नहीं करता है और देश में सभी धर्म-जाति के लोग एक साथ मिलजुल कर रहना पसंद करते हैं। झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुई बच्चों की मौत को दुखद बताते हुए सांसद शर्मा ने कहा, यह उत्तर प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में भारी कमियों का परिणाम है। अस्पतालों में व्यवस्थाएं खस्ता हाल हैं, कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ये लोग व्यवस्थाओं को ठीक करने के बजाय शमशान और कब्रिस्तान की बात करते हैं। कांग्रेस द्वारा उपचुनाव नहीं लड़ने के सवाल पर शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तरफ से समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है और गठबंधन के सभी दल उसे अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी सीट पर इंडिया के उम्मीदवार जीतेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### आईएएस के. संजय मूर्ति होंगे नए कैग




**नई दिल्ली,** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी के. संजय मूर्ति को नया नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार श्री मूर्ति भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक हैं। केंद्र ने आईएएस के. संजय मूर्ति को भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किया है।

### पाकिस्तानी डॉन खोखर ने दी मिथुन को धमकी



**जालंधर,** भाजपा नेता और बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को फिर से पाकिस्तान से धमकी मिली है। इस बार पाकिस्तान के सबसे बड़े माफिया डॉन फारुख खोखर ने एक्टर को धमकाया है। डॉन खोखर ने मिथुन से कहा कि तुम माफी मांग लो, वर्ना मैं तुम्हारे पीछे पड़ा रहूंगा। मिथुन का बयान मुझसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इससे पहले फारुख खोखर के राइट हैंड शहजाद भट्टी ने मिथुन को धमकी दी थी।

### 'पाथेर पांचली' की एक्ट्रेस उमा का निधन



**कोलकाता,** बंगाली एक्ट्रेस उमा दासगुप्ता का निधन हो गया है। उन्होंने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बता दें कि उमा ने साल 1995 में रिलीज हुई सत्यजीत रे के निर्देशन में बनी फिल्म 'पाथेर पांचली' में दुर्गा का किरदार निभाया था। इस किरदार को निभाने के बाद इंडस्ट्री में एक अलग पहचान मिली। वह कई सालों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं।

# तीन जिलों के एसपी बदले, नर्मदापुरम आईजी इरशाद वली पीएचक्यू भेजे गए

## दस आईपीएस के हुए तबादले: दो जोन के डीआईजी का भी स्थानांतरण

**भोपाल,** राज्य शासन ने सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा के दस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शहडोल, सिंगरौली और छिंदवाड़ा जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। वहीं, नर्मदापुरम के पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली को पुलिस महानिरीक्षक बिसबल, पुलिस मुख्यालय भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मिथलेश कुमार शुक्ला को नर्मदापुरम का नया आईजी बनाया गया है। जबलपुर रेंज के डीआईजी तुषारकांत विद्यार्थी को भी बदल दिया गया है। उनकी जगह अतुल सिंह को यहां के डीआईजी का प्रभार दिया गया है। सोमवार को जारी आदेश में भोपाल विशेष सशस्त्र बल की 23 वीं वाहनी में तैनात अजय पांडे को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा बनाया गया है। छिंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को सिंगरौली का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। विसबल छिंदवाड़ा की आठवीं वाहनी में पदस्थ रामजी श्रीवास्तव को शहडोल का एसपी बनाया गया है।


इरशाद वली


अजय पांडे


मिथिलेश कुमार शुक्ला


तुषार कांत विद्यार्थी

### दो पुलिस अफसर भी बदले

राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी और पीएचक्यू में एआईजी संदीप भूरिया को नरसिंहपुर जिले का नया एडीशनल एसपी बनाया गया है। यह पद नागेन्द पटेरिया के रिटायर होने के बाद से रिक्त था। वहीं खजुराहों के कार्यवाहक एसडीओपी सलिल शर्मा को वहां से हटाकर नौ वीं वाहनी विसबल रीवा भेजा गया है।

**पुलिस अधिकारियों की तबादला सूची**

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| मीनाक्षी शर्मा | एडीजी, पीएचक्यू | एडीजी, सामुदायिक पुलिसिंग एवं आरटीआई |
| इरशाद वली | आईजी, नर्मदापुरम जोन | आईजी, विसबल, पीएचक्यू, भोपाल |
| मिथिलेश कुमार शुक्ला | आईजी, विसबल रेंज ग्वालियर | आईजी, नर्मदापुरम जोन |
| तुषार कांत विद्यार्थी | डीआईजी जबलपुर रेंज | डीआईजी, पीएचक्यू भोपाल |
| अतुल सिंह | डीआईजी, विसबल रेंज जबलपुर | डीआईजी, जबलपुर रेंज, डीआईजी विसबल रेंज जबलपुर का अतिरिक्त प्रभार |
| कुमार प्रतीक | पुलिस अधीक्षक, शहडोल | सेनानी 23वीं वाहिनी, विसबल भोपाल |
| रामजी श्रीवास्तव | सेनानी, 8वीं वाहिनी, विसबल, छिंदवाड़ा | पुलिस अधीक्षक, शहडोल |
| निवेदिता गुप्ता | पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली | सेनानी, 8वीं वाहिनी, विसबल, छिंदवाड़ा |
| मनीष खत्री | पुलिस अधीक्षक, छिंदवाड़ा | पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली |
| अजय पांडे | सेनानी, 23वीं वाहिनी, विसबल, भोपाल | पुलिस अधीक्षक, छिंदवाड़ा |
| संदीप भूरिया | एआईजी, पीएचक्यू भोपाल | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर |
| डॉ. सलिल शर्मा | का.वा. एसडीओपी, खजुराहो | सहायक सेनानी, 9वीं वाहिनी विसबल, रीवा |

# महाराष्ट्र-झारखंड में थमा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली,** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। अब महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए बुधवार, 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी।

**महाराष्ट्र की सभी और झारखंड की 38 सीटों पर 20 को वोटिंग**

दोनों राज्यों में सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंकी है। अब देखना होगा कि जनादेश किसके पक्ष में आता है।महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुख्य लड़ाई है। दोनों गठबंधन में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। महायुति को जहां लड़की बहन योजना और ध्रुवीकरण से आस है तो वहीं महाविकास आघाड़ी को अपने लुभावने वादों से उम्मीद है। विदर्भ और मराठवाड़ा में भाजपा और कांग्रेस की सीधी लड़ाई चुनावी दिशा का रुख तय करेगी।

# कैलिफोर्निया में पकड़ा गया लॉरेंस का भाई अनमोल

## अनमोल ने बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी



**10 लाख का था इनाम**

● नई दिल्ली

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई कथित तौर पर अमेरिका में पकड़ा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनमोल बिश्नोई को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि इस महीने अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी किया गया था। अनमोल बिश्नोई के खिलाफ नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 2 केस दर्ज किए हैं जबकि उसके खिलाफ 18 अन्य केस भी चल रहे हैं।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की ओर से अनमोल बिश्नोई के भारत प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद उसे पुलिस हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आ रही है। अनमोल बिश्नोई एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की मौत के मामले में वांछित है। वह फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर हमले के मामले में भी वांछित है। इससे पहले अमेरिका ने भारत के साथ साझा की गई जानकारी में बताया था कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका में है और इस बारे में भारत को अलर्ट किया गया। अनमोल ने बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। एनआईए ने अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा हुआ है। एनआईए के मोस्ट वांटेड लोगों की लिस्ट में उसका नाम शामिल है। अनमोल बिश्नोई लॉरेंस गैंग में भाणु के नाम से जाना जाता है।

# आप के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल



**कहा- ईडी सीबीआई के दबाव में आप नहीं छोड़ी**

**नई दिल्ली,** आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देने के 24 घंटे बाद कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। भाजपा में शामिल होने के बाद कैलाश गहलोत ने कहा- लोग सोचते होंगे कि रातों-रात ये फैसला ले लिया। किसी के दबाव में आकर फैसला लिया, लेकिन मैं बता दूं कि मैंने जीवन में कभी दबाव में कोई काम नहीं किया है। सुनने में आ रहा है कि ईडी, सीबीआई के दबाव में मैंने ऐसा कर दिया, लेकिन ऐसा नहीं है। गहलोत ने कहा, वकालत छोड़कर मैं आम आदमी पार्टी से जुड़ा।

**नई स्टडी** डॉक्टर्स ने कहा- मेलानोमा, लंग, ब्रेस्ट और कोलोन कैंसर के इलाज में बन सकती है दवा

# कैंसर के इलाज में मददगार साबित हो सकता है कोरोना वायरस

● नई दिल्ली



कोरोना वायरस ने कई जिंदगियां और घर बर्बाद किए। बीमार हुए लोगों में अभी भी साइड इफेक्ट्स दिख रहे हैं।। इस बीच इस वायरस से जुड़ी एक पॉजिटिव खबर आई है। कुछ डॉक्टर्स को ऐसा लग रहा है कि कोविड वायरस कैंसर के इलाज में मददगार साबित हो सकता है। दरअसल कई कैंसर के मरीजों को कोविड होने के बाद उनके ट्यूमर का साइज घट गया। इसे देखकर डॉक्टर्स भी हैरान थे और उन्होंने स्टडी की जिससे मिलने वाले रिजल्ट ने शोधकर्ताओं में उम्मीद जगाई है।

कोविड-19 और कैंसर से जुड़ी ये रिसर्च नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन कैनिंग थोरेसिक इंस्टिट्यूट में हुई थी। यह नवंबर के जर्नल ऑफ क्लीनिकल इन्वेस्टिगेशन में छपनी है। कोविड के समय यह देखा गया कि जो लोग कोरोना वायरस से काफी ज्यादा बीमार हो गए थे उनका ट्यूमर सिकुड़ गया या धीरे-धीरे बढ़ा। इस पर यूनिवर्सिटी के चीफ अंकित भारत ने बताया, हमें नहीं पता था कि यह सही है या नहीं क्योंकि मरीज काफी बीमार थे। क्या ऐसा हुआ कि इम्यून सिस्टम इतना ट्रिगर हो गया था कि वह कैंसर सेल्स को भी मारने लगा? क्या ऐसा हुआ? स्टडी में पता चला कि कोविड-19 वायरस का जो आरएनए होता है एक यूनीक इम्यून सेल को बनाता है जो कि कैंसर से लड़ सकती है। (शेष पेज 8 पर)

### कोरोना से बन सकती है दवा

डॉक्टर ने बताया कि कोरोना से ऐसी दवा बन सकती है जो एडवांस कैंसर में मदद कर सकेंगी। डॉक्टर भारत बताते हैं कि कैंसर सेल्स इन इम्यून सेल्स के लिए प्रतिरोधकता नहीं बना पाईं। यह उन मरीजों के लिए मददगार होगा जो इम्यूनोथेरपी के लिए प्रतिरोध पैदा कर लेते हैं। इन केसेज में इम्यूनोथेरपी के बाद कैंसर वापस आ जाता है क्योंकि कैंसर सेल्स खुद को म्यूटेट कर लेती हैं। कोविड वायरस से नैचुरल किलर सेल्स निकलती हैं जो कि कैंसर सेल्स को मारने में इफेक्टिव हैं।

### इम्यून सिस्टम को मदद करेगा कोरोना वायरस

कुछ केसेज देखकर डॉक्टर ने अपनी टीम के साथ इस पर और जानकारी जुटाने के लिए स्टडी की। डॉक्टर भारत और उनकी टीम को पता लगा कि एसएआरएस-सीओवी-2 जब बॉडी में होता है तो शरीर की मोनोसाइट सेल्स अलग तरह से व्यवहार करती हैं। सामान्य स्थिति में मोनोसाइट्स खून में घूम-घूम कर कोई खराब सेल या खतरा दिखने पर अलर्ट करती है। कुछ मोनोसाइट्स कैंसर से लड़ने वाली सेल्स को ट्यूमर तक लेकर जाती हैं। लेकिन कैंसर सेल कभी-कभी मोनोसाइट्स को चकमा देती हैं। वे मोनोसाइट्स के पीछे ही छिप जाती हैं और इम्यून सिस्टम इन्हें खोजकर नहीं खत्म कर पाता। अगर एसएआरएस-सीओवी-2 वायरस मौजूद होता है तो कैंसर सेल्स छिप नहीं पातीं और इम्यून सिस्टम कैंसर सेल्स को आसानी से खोज लेता है।

# पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर पत्थर से हुआ हमला



**सिर पर चोट लगी, भाजपा ने चुनावी स्टंट बताया**

● नागपुर

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी (शरद गुट) के नेता अनिल देशमुख पर सोमवार रात नागपुर के काटोल विधानसभा क्षेत्र में हमला हुआ।

अनजान शख्स ने उनके ऊपर पत्थर फेंका जिससे अनिल देशमुख के सिर में चोट लगी और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अनिल का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उनके सिर से खून बहता दिख रहा है। वे तौलिए से अपने सिर को बांधे हुए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ये एक चुनावी स्टंट है। अनिल देशमुख के बेटे सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी के उम्मीदवार हैं।

## सार संक्षेप

### बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन, सामाजिक-आर्थिक विकास में आदिवासी समुदाय की भूमिका पर जोर


**नई दिल्ली** जनजातीय गौरव दिवस आज बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिसमें आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सम्मानित किया गया और आदिवासी क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर बल दिया गया। बिरसा मुंडा, जिन्हें ह्यधरती आबाह्न कहा जाता है, ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और आदिवासी समाज में एक प्रेरणास्रोत बने। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आदिवासी समुदायों के योगदान और उनके विरासत की सराहना की गई। साथ ही, बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्ष की कहानियों को साझा कर नई पीढ़ी को प्रेरित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज के समग्र विकास और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को सहेजने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बना भाजपा का मैनिफेस्टो, आरोप पत्र समितियों की बैठकें सम्पन्न

**नई दिल्ली** दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़ी दिल्ली भाजपा की मैनिफेसटो समिति की पहली बैठक संयोजक सांसद रामवीर सिंह बिधूडी के निवास पर सम्पन्न हुई जिसमे राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने अपना मार्गदर्शन एवं विभिन्न प्रभार राज्यों का मैनिफेसटो अनुभव सांझा किया। तीन घंटे से अधिक चली बैठक में मैनिफेसटो समिति सदस्यों डा. हर्षवर्धन, विजय गोयल एवं अभिषेक टंडन ने समाज के विभिन्न वर्गो से जुड़े मुद्दे रखे और सभी ने उन पर चर्चा कर मुद्दों की शार्ट लिस्टिंग का कार्य शुरू किया। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है की आज दिल्ली के लोग बहुत उम्मीद से भाजपा की ओर देख रहे हैं और हमारा मैनिफेसटो सभी वर्गों से जुड़ा होगा और हम शीघ्र अपनी विस्तृत मैनिफेसटो निर्माण योजना एक पत्रकार सम्मेलन में घोषित करेंगे। दिल्ली भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर नियमित हमले करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता के संयोजन में समिति गठित की है जिसकी भी आज प्रथम बैठक हुई जिसमा दिल्ली भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा ने समिति के लिए दिशानिर्देश सभी उपस्थित सदस्यों को समझाये।

### नरवाना में अलग-अलग तीन सड़क हादसों में 11 लोग घायल, 2 रैफर

नरवाना, नवंबर : शनिवार 16 नवंबर को गहरी धुंध के कारण कई गाड़ियों की आपसी भिड़ंत हो गई थी। जिसमें गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा था। वहीं सोमवार को फिर धुंध के कारण नरवाना में अलग-अलग जगहों पर तीन हादसे हो गए। जिसमें 11 व्यक्तियों को चोटें आई। जिसमें 2 को अग्रोहा मेडिकल रैफर कर दिया गया। हादसे होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। एक हादसा हिसार-चंडीगढ हाइवे पर गांव बदोवाल व सच्चाखेड़ा के पास कार व पिकअप गाड़ी का हुआ। जिसमें कार में सवार हिसार के सेक्टर-13 वासी आशुतोष, गीता, रश्मी, देवांश को चोटें आई, लेकिन इस हादसे में कार में सवार लड़की बच गई। वहीं पिकअप चालक हिसार के गांव खेदड़ वासी चंद्रमोहन को भी छाती में गुम चोटें आई। पिकअप चालक चंद्रमोहन ने बताया कि वह अपनी गाड़ी लेकर हिसार से नरवाना की ओर आ रहा था। लेकिन उसकी साइड में गलत दिशा में कार आ गई और कार व पिकअप गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार में सवार व्यक्तियों के स्वजनों ने बताया कि करनाल में शादी समारोह से वापिस अपने घर हिसार जा रहे थे। कार चालक आशुतोष को गाड़ी चलाते समय नींद आ गई होगी, जिसके कारण वह आने वाली दूसरी साइड में गाड़ी ले गया और हादसा हो गया। हादसा होने पर घायलों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने कार व पिकअप सवार का प्राथमिक उपचार कर आगामी कार्रवाई कर दी। वहीं दूसरा हादसा डूमरखां-सुदकैन कैंची चौक पर हुआ। जहां बाइक रिक्शाा व मुर्गा गाड़ी की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक रिक्शा में सवार 6 व्यक्ति घायल हो गए। जिसमें नरवाना के चमेला कालोनी वासी मनदीप, कुलदीप की गंभीर अवस्था को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल रैफर कर दिया गया। घायल गांव दबलैन वासी साहिल ने बताया कि वे शादी में स्टाल लगाने का काम करते हैं।

नई दिल्ली में कुछ इस तरह दिखा धुंध का असर।

## बरेनबोइम और अव्वाद को प्रदान किया गया शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार-2023

**नई दिल्ली।** 19 नवंबर शांति योद्धाओं डैनियल बरेनबोइम और अली अबू अव्वाद को शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए आज संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी पुरस्कार-2023 प्रदान किए गए। बरेनबोइम और अव्वाद ने संगीत, संवाद व लोगों की भागीदारी के अहिंसक साधनों के माध्यम से इजरायल और फिलिस्तीनी के लोगों के बीच सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। पुरस्कार विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी.एस. ठाकुर की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया गया। बरेनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानोवादक और कंडक्टर हैं। वे पश्चिम एशिया में सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संगीत का उपयोग करने के अपने अथक प्रयास के लिए भी जाने जाते हैं। अली अबू अव्वाद एक प्रख्यात फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता हैं, जो मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। अबू अव्वाद का जन्म 1972 में हुआ था



और उनका पालन-पोषण शरणार्थी परिवार में हुआ था। तीन साल तक जेल में रहने के दौरान एक-दूसरे से मिलने में असमर्थ अली और उनकी माँ ने 17 दिनों की भूख हड़ताल की, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मुलाकात की अनुमति मिली। यह सफलता अबू अव्वाद के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जब उन्हें एहसास हुआ कि गांधीवादी सिद्धांतों पर चलकर अहिंसा से ही स्वतंत्रता और सम्मान के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। इंदिरा गाँधी शांति पुरस्कार ग्रहण करते अली अबू अव्वाद ने कहा कि उन्होंने जेल में रहते हुए अहिंसा की शक्ति के बारे में सीखा। उन्होंने गांधी जी एवं जवाहर लाल नेहरू जी के बारे में बहुत पढ़ा है और वे उन्हें प्रेरित करते हैं। अव्वाद ने कहा कि इनसे उन्होंने सीखा कि एक-दूसरे को पहचानने और एक-दूसरे की रक्षा करने की हमारी क्षमता ही हमें इंसान बनाती है। डैनियल बरेनबोइम की तरफ से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए मरियम सी. सईद ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पुरस्कार स्वीकृति भाषण दिया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस समारोह में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया गांधी, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी, जूरी के मौजूदा अध्यक्ष शिवशंकर मेनन, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी.एस.ठाकुर और अन्य शामिल हुए।

## 43 वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, 2024

### राजस्थान पवैलियन में लाख से बनी चूड़ियों एवं अन्य वस्तुओं ने दर्शकों को अपनी ओर किया आकर्षित

**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2024।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के राजस्थान पवेलियन में लाख की चूडियों एवं लाख से बनी अन्य वस्तुएं दर्शकों विशेषकर महिलाओं को अपनी और खूब आकर्षित कर रही है।राजस्थान मंडप के स्टॉल न. 3 व 6 में जयपुर से आए लाख के कारीगर श्री इस्लाम अहमद ने बताया कि भारतीय संस्कृति में लाख को बहुत ही शुभ माना जाता है, विशेषतौर पर भारतीय नारियों में इसे सुहाग का प्रतीक माना जाता है। लाख से बनी चूडीयां पहनकर स्त्रियां अपने पति की लम्बी आयु की कामना करती हैं। वे बताते हैं कि लाख हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। शादी या विवाह का अवसर हो या मकान की नींव भरने का समय, बच्चे के जन्म का मौका हो या सगाई इत्यादि के अवसर पर लाख की चूडीयां, दुल्हन को सुहाग के प्रतीक के रूप में पहनना अनिवार्य समझा जाता है। शादी तथा तीज त्यौहारों, होली, दिवाली व अनेक खुशी के अवसरों पर लाख की चुड़ियों का तथा लाख की अन्य वस्तुओं का आदान- प्रदान किया जाता है। लाख को सोने के जेवरों में भी भरा जाता है। श्री अहमद ने बताया कि मेरे वालिद के पिता ने ही भारत सरकार द्वारा स्थापित निर्यात केन्द्रों एवं रिटेल शाप्स पर सर्वप्रथम लाख का सामान बनाकर दिया था। उन केन्द्रों के माध्यम से पूरे भारत वर्ष के सरकारी रिटेल कांउटरों तथा विदेशों में लाख से निर्मित वस्तुएं भेजी गई। उन्होंने बताया कि विश्व के कई राष्ट्राध्यक्षों को उनके जयपुर आगमन पर इनके परिवार की ओर से लाख निर्मित वस्तुएं भेंट की गई । उन्होंने बताया कि उनके वालिद लाख से पैन और फैन्सी आइटम बनाने का कार्य करते रहे। हाथ में पहनने वाले लाख के मोटे कड़े पर डासिंग पीकाक तथा मछली का काम एक नायाब कारीगरी है जो कि उन्होंने स्वयं तैयार की है। उन्होंने बताया कि आज लाख कला सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। फिर चाहे लाख की चूडीयां हों या सजावटी या दैनिक उपयोग की वस्तु सभी में यह प्रयोग किया जाता है। इनमें अगरबत्ती स्टेण्ड,हाथी घोड़ा, ऊंट, एस्टरे, चाबी के छल्ले, फोटो फ्रेम, शीशा, ज्वैलरी बाक्स फ्रुट प्ले, टेबल डायरी, ग्लास इत्यादि चीजें ही क्यों न हो, लाख कला जगत को ये सब वस्तुएं उन्हीं के परिवार की देन हैं।




## सरस आजीविका मेला-2024 का शुभारंभ, लखपति दीदी पहल को बढ़ावा

**नई दिल्ली** नवंबर : भारत मंडपम में आयोजित 43वें विश्व व्यापार मेले के हॉल नंबर 9 और 10 में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेला 2024 का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं ने रचनात्मकता का अद्वितीय प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि यह मेला ग्रामीण भारत की महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. पेम्मासानी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि सरस आजीविका मेला न केवल ग्रामीण महिलाओं को उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें बेहतर विपणन और पैकेजिंग तकनीकों में भी पारंगत बनाता है। यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखपति दीदी अभियान को साकार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है और आत्मनिर्भर भारत तथा वोकल फॉर लोकल जैसी सरकारी पहलों का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह, संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा, निदेशक मोलीश्री, सीएल कटारिया और आलोक जवाहर सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### शहर में सजावटी उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी

**नई दिल्ली** नवंबर : एशियन पेंट्स, भारत की अग्रणी पेंट और डेकोर कंपनी, ने नोएडा के बरौला में अपना पहला ह्यब्यूटीफुल होम्सह्न स्टोर लॉन्च किया है। यह 18,000 वर्ग फीट में फैला तीन मंजिला स्टोर उपभोक्ताओं को पेंट, वॉलपेपर, वार्डरोब, बाथ फिटिंग, सॉफ्ट फर्निशिंग, फर्नीचर, टाइल्स, लकड़ी की फ्लोरिंग और होम ऑटोमेशन जैसी श्रेणियों में एक व्यापक उत्पाद रेंज प्रदान करता है। एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित सिंगले ने इस अत्याधुनिक शोरूम का उद्घाटन किया। यह स्टोर उपभोक्ताओं को इमर्सिव और ह्यफिजिटलह्न अनुभव के माध्यम से उनके घर की सजावट की जरूरतों के अनुरूप सही और त्वरित निर्णय लेने में मदद करता है। ग्राहकों को अपने स्पेस की कल्पना करने में सहायक यह स्टोर उनके सपनों के घर को साकार करने के लिए विशेषज्ञ परामर्श भी प्रदान करता है।

### किराड़ी में ह्यनरेंद्र मोदी सक्षम युवा अभियान की शुरूआत, युवाओं को नि:शुल्क स्किल ट्रेनिंग और रोजगार

**नई दिल्ली** नवंबर : दिल्ली के किराड़ी में 15 नवंबर को ह्यनरेंद्र मोदी सक्षम युवा अभियान की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी, दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजीव पाठक ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और सक्षम भारत के संकल्प से प्रेरित यह अभियान 10 हजार युवाओं को निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं को इंगलिश स्पीकिंग, इंटरव्यू की तैयारी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर ट्रेनिंग, सेल्स और बिजनेस स्किल्स के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की ट्रेनिंग देना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उन आधुनिक और व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षित करना है, जिनकी वर्तमान बाजार में उच्च मांग है। इससे किराड़ी के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। नरेंद्र मोदी सक्षम युवा अभियान ह्यस्किल इंडिया और ह्यआत्मनिर्भर भारत जैसे सरकारी अभियानों को भी आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं का सशक्त होना बेहद आवश्यक है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन और अवसर देकर उनके सपनों को साकार करना है। राजीव पाठक ने इस पहल की शुरूआत की और वे युवाओं को इससे जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## जनता के बीच बढ़ती कांग्रेस की चर्चा दिल्ली में बड़े बदलाव का संकेत : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली** , नवंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आज दिल्ली न्याय यात्रा के 11वें दिन सुबह नए जोश, उत्साह के साथ कर्तव्य पथ पर चलते हुए जन जन को न्याय दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने के हौसले के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए यात्रा की शुरूआत शाहदरा विधानसभा में ई ब्लाक सीमापुरी से शुरू हुई। झंडा सलामी के मौके के बाद न्याय योद्धा रणवीर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव को संविधान की कॉपी भेंट कर यात्रा में उदाहरण पेश किया।

आज दिल्ली न्याय यात्रा शाहदरा विधानसभा, कृष्णा नगर विधानसभा और लक्ष्मी नगर विधानसभा में निकाली गई। यात्रा के जुड़ने के लिए जगह- जगह बने मंच पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और न्याय योद्धाओं का भव्य स्वागत किया जा रहा है, हर मंच से यात्रा के साथ सैंकड़ो कांग्रेसजन, कांग्रेस समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में दिल्ली की जनता भी यात्रा का हिस्सा बन रही है। जनता के साथ जुड़ने पर दिल्ली न्याय यात्रा हर कदम पर अधिक मजबूत हो रही है। जनता के बीच बढ़ती कांग्रेस की चर्चा दिल्ली में बढ़े बदलाव की ओर इशारा कर रही है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है।

18 नवम्बर, 11वें दिन दिल्ली न्याय यात्रा शाहदरा विधानसभा के ई ब्लाक सीमापुरी से शुरू होकर नागराज केबल चैक, सोम बाजार रोड़, अंसारी चैक, बंसल स्टोर, दिलाशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन, जुल्फे बंगाल दिलशाद गार्डन, इंडसइंड बैंक विवेक विहार, आईटीआई विवेक विहार, कस्तूरबा नगर चैक, ज्वाला नगर चैक, एमसीडी आफिस, अनाज मंडी चैक, बड़ा बाजार, बाबूराम स्कूल, झारखंड मंदिर भोलानाथ नगर, घोंडा चैक कृष्णा नगर, राम नगर मोड़, शास्त्री पार्क, राधारमण टेज्डर्स, शिवपुरी एक्स मैन रोड़, हैप्पी इंग्लिश स्कूल, गीता कॉलोनी मोड़, 13 ब्लाक रानी गार्डन गीता कॉलोनी, एसबीआई गीता कॉलोनी, शीशे वाला मंदिर, गुरुद्वारा डेरा बाबा करम सिंह जी, एसबीआई खुरेजी खास, लवली पब्लिक स्कूल लक्ष्मी नगर, विजय चैक मेट्रो पुल लक्ष्मी नगर, सर्विस रोड़ शकरपुर मार्केट, शकरपुर मैन मार्केट, राम जी समोसा वाला, बी ब्लाक शकरपुर बीकानेर स्वीट एंड रेस्टोरेंट लक्ष्मी नगर विधानसभा में समापन हुआ।

देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान सीमापुरी के लोगों से मिलकर उनकी निजी परेशानियों और समस्याओं को सुनकर नजदीक से महसूस किया। सीमापुरी क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी कचरे के लगे ढेरों पर चिंता जताते हुए कहा कि सिर्फ एक विधानसभा नही बल्कि पूरी दिल्ली में गंदगी इतना भयावह रुप धारण कर चुकी है उससे दिल्ली की जनता प्रभावित हुई है। गंदगी के ढेर और कचरा आम आदमी पार्टी की सरकार के खोखले वादो और दावों की हकीकत बयान कर रहे हैं।

## 500 के पार हुआ AQI, प्रदूषण से लगातार बिगड़ रहे हालात

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने के कारण हालात काफी गंभीर हो गए है। प्रदूषण के कारण लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया है। लोगों को घर से बाहर मास्क लगाकर निकलना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी गैस का चैंबर बन चुकी है। दिल्ली की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। वहीं हवा में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए ट्रकों के एंट्री पर रोक लगाई गई है। सार्वजनिक प्रोजेक्ट्स पर निर्माण कार्य करने पर भी प्रतिबंध लगाया है। इन उपायों के बाद भी अदक500 के पार दर्ज हुआ। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण पहले ही जीआरएपी 4 को लागू कर दिया गया है। वहीं एहतियात के तौर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी और जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी ने भी ऐलान किया है कि अब कक्षाएं ऑनलाइन मोड में चलाई जाएंगी। वहीं सरकार ने सरकारी दफ्तरों के टाइम में भी बदलाव किया है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए सरकारी दफ्तरों का समय बदला गया है। एमसीडी के दफ्तरों में सुबह 8.30 बजे से शाम 5 बजे तक काम होगा। दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक खुलेंगे।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि विशेषज्ञों की सलाह तथा आवश्यकताओं के आधार पर वाहनों की सम-विषम योजना लागू करने समेत विभिन्न प्रकार के कदम उठाएगी। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। हमारी तरफ से, दिल्ली सरकार अपने स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठा रही है। हम हर चीज पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और रोजाना फैसले ले रहे हैं। हम विशेषज्ञों से सलाह लेंगे और सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

## देश की स्वास्थ्य सेवाओं में आयुर्वेद का बहुत योगदान : कन्नोजिया

- संस्कार-पी जी ओरिएंटेशन एवं ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का शुभारंभ

**नई दिल्ली/कास.** , नवंबर : नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में सोमवार को नव प्रवेशित पी.जी.एवं बीएएमएस बैच 2024 -25 के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रस्तावित संस्कार -पीजी-ओरिएंटेशन एवं ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से नव प्रवेशित पी जी अध्येता व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, दृष्टिकोण, आचार संहिता, कैंपस व्यवहार आदि सामान्य मुद्दों के साथ-साथ प्रस्तुति कौशल, जर्नल क्लब, क्लीनिकल केस प्रेजेंटेशन एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जान पायेंगे। ट्रांजिशनल करिकुलम के माध्यम से बीएएमएस के नव प्रवेशित छात्र कॉलेज,संस्थागत परिसर और उपलब्ध सुविधाओं, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद का दायरा, आयुर्वेद में उच्च शिक्षा, नौकरी के अवसर, उद्यमिता, बीएएमएस पाठ्यक्रम और विषयों का अवलोकन, संस्कृत भाषा अभिविन्यास, बुनियादी कंप्यूटर कौशल का अभिविन्यास, व्यक्तित्व विकास आदि के बारे में विस्तार से जान पायेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में बोलते हुए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के सदस्य डॉ. सुश्रुत कन्नोजिया ने कहा कि देश की स्वास्थ्य सेवाओं में आयुर्वेद का बहुत योगदान है, लोगों में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूकता निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान के लिए प्रेरित भी किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर, वन वर्ल्ड अलायन्स, जापान के समयपाल सिंह ने कहा कि आज आयुर्वेद ज्ञान को विज्ञान से जोड? की आवश्यकता है तथा विद्यार्थी को शोधार्थी बनाने वाली शिक्षा की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के निदेशक-प्राचार्य प्रोफेसर(डॉ.) एम बी गौड़ ने कहा कि सभी छात्र अनुशासन में रहकर कठिन मेहनत करें, संस्थान हर संभव सहायता के लिए तैयार है। अतिरिक्त निदेशक (शैक्षणिक) प्रोफेसर भरत भोयर ने संस्थान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. पूजा सभरवाल, इंचार्ज ऐकडेमिक ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार ने 15 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम की रूप रेखा को विस्तृत रूप से बताया।

## क्या दिल्ली में होगी ऑड-ईवन की वापसी ?

### बढ़ते प्रदूषण के बाद गोपाल राय ने दिया बड़ा संकेत

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है और विशेषज्ञों की सलाह के बाद और आवश्यकताओं के आधार पर सम-विषम वाहन योजना सहित अतिरिक्त कदम लागू करेगी। उन्होंने कहा कि हम ऑड-ईवन पर भी चर्चा कर रहे हैं लेकिन अब एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि हमने इतनी पाबंदियां लगा दी हैं तो लोग अब विचार कर रहे हैं कि इसका कितना असर होगा। दिल्ली की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर गई, जिससे लोगों को आंखों में खुजली और गले में खराश के साथ सांस लेने में दिक्कत हुई, क्योंकि अदक494 पर था, जो पिछले छह वर्षों में दूसरा सबसे खराब था। इसके अलावा, 15 निगरानी स्टेशनों में अदकका स्तर 500 की अधिकतम सीमा तक पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर का 24 घंटे का एक्यूआई शाम 4 बजे दर्ज किया गया, जो पिछले दिन के 441 से बढ़कर देश में सबसे अधिक था। वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने और बढ़ते कण पदार्थ के स्तर को कम करने के लिए अअढ सरकार द्वारा 2016 में पहली बार शुरू की गई ऑड-ईवन योजना, पंजीकरण संख्या के आधार पर वाहन के उपयोग को वैकल्पिक करती है। योजना के तहत, सम अंक (0, 2, 4, 6, 8) पर समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सम तिथियों पर सड़कों पर चलने की अनुमति है, जबकि विषम अंक (1, 3, 5, 7, 9) पर समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति है। विषम तिथियों पर अनुमति है। यह योजना सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलती है, इस वैकल्पिक पैटर्न के आधार पर वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करती है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल, हायर सेंटर रेफर





**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को एक बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दंपति एवं एक अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए, बता दे कि तीनों घायलों को सीएचसी केंद्र हसनपुर में भर्ती कराया गया, उधर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बता दे मंगलवार की दोपहर को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव चंदन कोटा निवासी जसपाल पुत्र चरन सिंह अपनी पत्नी रितु तथा साले महिपाल की पुत्री शिवानी के साथ बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद किसी कार्य से जा रहा था। जहां सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव पुटसल पहुंचते ही रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों लोग घायल हो गए। आनन-फानन स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से तीनों घायलों को नगर के सीएचसी केंद्र में भर्ती कर दिया। जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए तीनों घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल परिजनों को सूचित किया गया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वही मामले में सैद नगली थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तथा तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी ' उधर सूचना पर पहुंचे परिजन तीनों घायलों को हायर सेंटर अमरोहा लेकर पहुंचे तथा वहां से बेहतर उपचार के लिए मेरठ ले जाने की तैयारी कर रहे थे।

# हसनपुर नगर में ई रिक्शा बने जाम का सबब, नागरिकों को हो रही भारी परेशानी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** नगर में इन दिनों पैदल चलने वाले राहगीरों को जाम के चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बताते चलें कि नगर में ई रिक्शा चालकों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर ई रिक्शा के संचालन से पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भारी मुसीबत पैदा कर दी गई है, बता दे की नगर में इन दिनों सैकड़ो की तादाद में ई-रिक्षाएं चल रही है जो नगर के मुख्य बाजारों में से होकर गुजरती हैं जिस कारण मुख्य बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बता दे की नगर में गांव देहात से ई रिक्शा लेकर आने वाले ई-रिक्शा चालकों में नाबालिक बच्चे तथा अपंग व्यक्ति तक ई रिक्शा लेकर नगर के मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे हैं, तथा नगर पालिका में अपंजीकृत ई रिक्शा भी नगर में दौड़ रहे हैं, बताते चलें कि इन दिनों हिंदू एवं मुस्लिम परिवारों में शादी विवाह के चलते नगर में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ है वहीं जहां एक और कुछ दुकानदार अपने दुकानों का सामान दुकान के चबूतरे से भी बाहर सड़क पर फैला देते हैं तो वही कुछ दुकानों के आगे ठेला लेकर खड़े होने वाले ठेला लगाने वाले लोगों द्वारा सरकारी सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है वही बची कुची कसर सैकड़ो की तादाद में चल रही ई-



रिक्शाओं के द्वारा पूरी हो जाती है जिस कारण पूरे नगर में इन दिनों भीषण जाम नजर आ रहा है, जहां एक और हसनपुर नगर के स्थानीय निवासी गली मोहल्ला से होते हुए अपनी गंतव्य को पहुंच रहे हैं तो वहीं नगर के मुख्य मार्ग अंबेडकर पार्क से लेकर रहरा रोड तक पहुंचने में पैदल चलने वाले लोगों को भी घंटों लग रहे है, जबकि पुलिस कर्मी जगह-जगह ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में लगे हुए हैं लेकिन अत्यधिक ई रिक्शाओं के कारण लोगों को जाम से निजात नहीं मिल पा रही है, वहीं लोगों का कहना है कि यदि इन दिनों नगर में केवल नगर पालिका हसनपुर में पंजीकृत ई रिक्शा को ही घुसने की परमिशन दी जाए तो ई रिक्शाओं के जाम से नागरिकों को बाहर से खरीदारी करने आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन के ऑफिस में डाक्टरों द्वारा कैम्प लगाया गया है




**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में ओल्ड मेडिसिन मार्केट में विनोद मेडिकल हाल के बाहर रजिस्ट्रेशन काउन्टर लगाकर लोगों का रजिस्ट्रेशन के साथ ही लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन के ऑफिस में मेदांता हॉस्पिटल के डाक्टरों द्वारा कैम्प लगाया गया है। इसमें हड्डी रोग ,विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं जरनल फीजीशियन डॉक्टर उपलब्ध है, और सभी का निशुल्क जांच एवं परामर्श कराया जा रहा है। इन जांचों में बी एम डी,सुगर,ई सी जी, बल्डप्रेशर,की जांच प्रमुख हैं। सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे,आज डाक्टरों में डॉक्टरअनिल, डॉक्टर जुनैद, डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सभी जांच की गई। और सुबह ११ बजे से सायंकाल ४ बजे तक कैम्प चला जिसमें १९८ लोगों की शिविर में जांच की गई।

## झम्मन लाल पीजी कॉलेज की छात्रा शिल्पी सैनी ने प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/ गजरौला।** मंगलवार को गजरौला स्थित रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में हसनपुर स्थित झम्मनलाल पीजी कॉलेज की एम ए की छात्रा शिल्पी सैनी ने सड़क सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा के चलते निर्णायक मंडल को प्रथम स्थान देने को मजबूर कर दिया, बता ते चले कि निर्णायक मंडल द्वारा झम्मनलाल पीजी कॉलेज हसनपुर की छात्रा शिल्पी सैनी द्वारा बनाए गए पोस्टर अत्यधिक पसंद आए और उन्होंने शिल्पी सैनी को प्रथम स्थान दिया, प्रथम स्थान प्राप्त करने पर झम्मन




लाल पीजी कॉलेज के निदेशक गोपाल सक्सेना ने छात्रा शिल्पी सैनी को सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई की तथा कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहिए और इसी प्रकार प्रथम स्थान लाकर महाविद्यालय का एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए, इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शमा परवीन, डॉक्टर हिरदेश कुमार, मुरशद अली, मनोज कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मासिक पंचायत में विभिन्न अधिकारियों के न पहुंचने पर होगा आंदोलन: देवेंद्र सैनी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस ने 22 नवंबर को होने वाली तहसील स्तरीय मासिक पंचायत में विभिन्न अधिकारियों के पहुंचने की मांग को लेकर एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी सुनीता कुमारी को दिया, बताते चलें कि भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस की एक मासिक पंचायत शुक्रवार 22 नवंबर को ब्लॉक परिसर में आयोजित की जाएगी जिसमें किसानो की समस्याओं के समाधान हेतु संगठन द्वारा विभिन्न अधिकारियों के बैठक में पहुंचने की मांग की गई है



जिसमें मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक हसनपुर, अपार विद्युत अभियंता फर्स्ट, मध्य गंगा नहर जे ई तथा जल जीवन मिशन जे ई आदि की पहुंचने की मांग की गई है, इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने कहा कि यदि संबंधित अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचते हैं तो संगठन आंदोलन को वाद्य होगा इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह गुर्जर, सुनील कुमार, अमित चंद, मोहसिन, रामावतार, राजू चौहान, उदयवीर सिंह, बलवंत सिंह, मुन्ने भाई, सज्जन सिंह आदि सहित दर्जनों भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हसनपुर चीनी मिल पर गन्ना लेकर आने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है भारी दिक्कतों का सामना

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** हसनपुर क्षेत्र की एकमात्र सरकारी चीनी मिल दी किसान सहकारी चीनी मिल हसनपुर गजरौला पर जाड़े के मौसम में किसानों को गन्ना डालने को लेकर काफी परेशानियों को सामना उठाना पड़ रहा है इसी को लेकर मंगलवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं की एक बैठक का ग्राम औसा माफी में सुबोध शर्मा की बैठक पर आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि चीनी मिल शुरू होने के बाद से ही गन्ना आपूर्ति कर्ता किसानो के वाहनों की भीड़ लगी हुई है। दो दो दिन मिल में रहने के बाद ही किसानो की घर वापसी हो पा रही है। जिससे एक तरफ किसान शरद मौसम की मार झेलने को मजबूर हैं एवं दूसरी ओर गेहूं बुआई की तैयारी भी समय से नहीं कर पा रहे हैं। किसानो की समस्या के समाधान के प्रति चीनी मिल प्रशाशन गंभीर नहीं है आज भी लगभग 400 ट्रिपलर चीनी मिल मैदान में मौजूद हैं जिसका मतलब है 40 घंटे बाद वापिसी। मजबूरन चीनी मिल प्रशाशन चेतावनी दी जाती है कि अब किसानो के सब्र का बांध टूट रहा है दो दिन के अंदर स्थिति में सुधार नहीं हुआ किसानो की 6 घंटे में वापसी का रास्ता नहीं निकला तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर सुखदेव शर्मा, गनपत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुग्रीव शर्मा, अनुज कुमार आदि किसान उपस्थित रहे।

## लखनऊ नगर निगम

### मा. महापौर द्वारा किया गया मनोरथ गौशाला में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण

**लोकतंत्र की शान/ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा)**

**लखनऊ।** आज मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी के द्वारा मनोरथ गौशाला में चल रहे बाउंड्री वॉल के कार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही जिम्मेदार अफसरों को तय समय सीमा के अंदर गौशाला का कार्य पूर्ण किये जाने जैसे आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस दौरान मा. महापौर जी ने जानकारी दी कि मनोरथ गौशाला को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। लगभग 10 हजार गौवंशो की क्षमता वाली ये गौशाला 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैली होगी। यहां जानवरों की देख रेख सहित उनके



इलाज के लिए तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। आज मेरे द्वारा यहां चल रहे बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का के कार्य का जायजा लेन के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त निरीक्षण में मा. महापौर जी के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, मा. पार्षद श्री शैलेन्द्र वर्मा, मा. पार्षद श्री मुकेश मोंटी, मा. क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि श्री हरीश अवस्थी, अधिशाषी अभियंता श्री संजय पांडे, सहायक अभियंता श्री अवधेश सिंह सहित इंजीनियरिंग विभाग की टीम, जेई व लेखपाल इत्यादि लोग रहे।

## बृजेश पाठक ने किया ट्वीट मेरे लिए कारपेट ना बिछाई जाए बोले उपमुख्यमंत्री

**लोकतंत्र/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम माननीय बृजेश पाठक जी ने एक बड़ा ऐलान करते हुए आदेश किया की कही पर भी मेरा भ्रमण करने पर मेरे लिए कारपेट ना बिछाई जाए चुना ना डाला जाए माल्यार्पण ना किया जाए जैसा की हम सब लोग जानते हैं



कि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम कही आते जाते हैं तो उनके स्वागत के लिए रेड कारपेट चुना माल्यार्पण वगैरा की सब व्यवस्था करी जाती है तो जिसको देखते हुए बृजेश पाठक जी ने आदेश दिया कि मेरे स्वागत के लिए यह सब ना किया जाए जो कुछ आप लोग मेरे लिए करते हैं यह सब आप लोग मरीज के लिए करें चिकित्सा व्यवस्था उनको अच्छी प्रदान कराये जिससे मरिज को इलाज कराने में परेशानियां का सामना ना करना पड़े इन सब पर ध्यान ज्यादा दिया जाए।

# मुख्या चिकित्सा अधिकारी द्वारा सीएचसी काकोरी का किया गया निरीक्षण

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** 19 नवम्बर 2024 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह द्वारा मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी का भ्रमण किया गया इस दौरान उन्होंने सीएचसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ओपीडी में लोगों से बात की उन्होंने सीएचसी पर मातृ एवं बाल स्वास्थ्य नियमित टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली` उन्होंने सीएचसी पर साफ सफाई, अन्य व्यवस्थाएं,सुरक्षा उपकरण आदि को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मुख्या चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिस भी चीज की आवश्यकता हो उसकी आपूर्ति की जाएगी। लॉजिस्टिक की कमी नहीं है` जिले से पूरा सहयोग मिलेगा` नियमित टीकाकरण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि पांच साल तक की आयु के सभी बच्चों का टीका लगाना



सुनिश्चित करें कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाये` जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय पर महिलाओं को किया जाये` इसको लेकर आशा कार्यकताओं का भी भुगतान पेंडिंग न रहे। अन्य कार्यक्रमों के तहत आशा कार्यकताओं को होने वाला भुगतान भी समय से किया जाये` टीबी उन्मूलन को लेकर उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत इस समय सरकार की प्राथमिकता है` इसको लेकर जो भी प्रयास हैं वह तेज करें, सीएचसी पर मौजूद आम जनता से संवाद कर,सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए कि आम जनता की सहूलियत का ध्यान रखें, उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं को लेने में किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े` लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दें और इन योजनाओं का लाभ लेने में उनका सहयोग करें भ्रमण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ए.पी.सिंह तथा जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का निर्देश, तैयार करें नई पीपीपी नीति

### इन्वेस्ट यूपी में पीपीपी सेल का भी होगा गठन, अंतरविभागीय सहयोग को बनाएगा सुविधाजनक

**लखनऊ, 19 नवम्बर:-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी क्षेत्र की ओर से पीपीपी परियोजनाओं के लिए मिल रहे उत्साहजनक प्रस्तावों को देखते हुए भविष्य के दृष्टिगत राज्य की पीपीपी नीति को और अधिक सरल और व्यवस्थित बनाने की जरूरत बताई है। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 में मिले कुल निवेश प्रस्ताव में से लगभग 10% पीपीपी परियोजनाओं के संबंध में थे, जो हमारी नीति के बेहतरीन परिणाम को प्रदर्शित करता है।



भविष्य की जरूरत को देखते हुए एक ऐसी नीति की आवश्यकता है, जो पीपीपी के लिए उपयुक्त परियोजनाओं के चिन्हीकरण, स्टेकहोल्डर परामर्श, विकासकर्ता के लिए बिड तैयार करने, प्रोक्योरमेंट प्रोसेस स्टेज, अनुबंध और उसके उपरांत प्रबंधन जैसे सारे विषयों को बेहतर ढंग से संपादित करता हो। इस उद्देश्य के साथ शीघ्र ही राज्य की नई पीपीपी नीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी में एक डेडीकेटेड पीपीपी सेल भी गठित किया जाना चाहिए, जो पीपीपी फ्रेमवर्क को विकसित करके, विभागों को सलाह देकर, निजी निवेश को और सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय करके अंतर विभागीय सहयोग को सुविधाजनक बनाकर, परियोजना कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करेगा।

# नई दिल्ली में भव्य महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 19 नवंबर।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2025 के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर जारी तैयारियों को गति देने का काम शुरू कर दिया है। महाकुंभ-2025 का आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की पर्यटन और वैश्विक स्तर पर पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी एक प्रमुख प्रयास है। इसी बात को ध्यान में रखकर महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने तथा देश-दुनिया के गणमान्य व अति विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने के लिए नई दिल्ली में महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में भव्य स्तर पर इस एक दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा क्योंकि यहां आने वाले आगंतुकों को महाकुंभ में योगी सरकार द्वारा दी जा रही टूरिज्म ऑफरिंग्स, तैयारियां व उपलब्धियों के साथ ही उत्तर प्रदेश की लोककला व सांस्कृतिक छटा का भी आनंद उठा सकेंगे।

**>> अनूठे इंटरैक्टिव सेशन के जरिए होगी महाकुंभ की ब्रांडिंग**

महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें पूरी दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए विशेष रूप से "महाकुंभ कॉन्क्लेव" की योजना बनाई है, जो एक अनूठा इंटरैक्टिव सत्र होगा। इसके जरिए, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और प्रशासनिक कुशलता का उदाहरण पेश करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि वैश्विक स्तर पर राज्य की ब्रांडिंग का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों के थ्रीडी मॉडल की नुमाइश होगी तथा सांस्कृतिक संध्या में उत्तर प्रदेश के लोक संगीत और नृत्य की प्रस्तुति भी होगी, जो महाकुंभ की आध्यात्मिकता को सजीव करेगी। साथ ही, प्रत्येक अतिथि को यूपी की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में दुनियाभर से आए 700 अतिविशिष्ट अतिथियों का जमावड़ा लगेगा। अतिथियों के सम्मान में हाई टी व डिनर का भी आयोजन किया जाएगा।

# दिसंबर 2026 में देश को मिलेगा पहली नाइट सफारी का उपहार: मुख्यमंत्री

### लखनऊ में तैयार होगी देश की पहली और विश्व की पांचवीं नाइट सफारी

**लखनऊ, 19 नवंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए।

**राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाए। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी।

**विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी सफारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। नाइट सफारी के 72 फीसदी एरिया को ग्रीनरी में विकसित किया जाए।

**जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के



प्रकल्पों को स्थान दिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि यहां क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन व ऑपरेशन थियेटर की भी समुचित व्यवस्था हो। यहां कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की भी सुविधा हो। उन्होंने कहा कि एडवेंचर जोन के तहत सुपरमैन जिपलाइन, आर्चरी, जिप लाइन, बुरमा ब्रिज, पैडल बोट, स्काई रोलर, फाउंटेन, किड्स एक्टिविटी के लिए जंगल एनिमल थीम, स्काई साइकिल आदि विकसित किया जाए। डे सफारी का विस्तार दूसरे चरण में होगा। बैठक में प्रदेश सरकार के वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, शासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**नाइट-डे सफारी की होगी यह विशेषता:-**

- नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रे, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंट की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।
- पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क के अवलोकन हेतु 5.5 किमी. ट्रामवे तथा 1.92 किमी. का पाथवे माध्यम से किया जाएगा
- नाइट सफारी में मुख्यतः एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हॉयना आदि मुख्य आकर्षण होंगे
- कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय व रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी प्रस्तावित है
- कुकरैल वन क्षेत्र में स्थापित होने वाले जू में कुल 63 इनक्लोजर बनाए जाएंगे
- जू में सारस क्रेन, स्वांप डियर, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ, अफ्रीकन लॉयन व चिंपाजी मुख्य आकर्षण होंगे
- जू को अफ्रीकन सवाना, इनक्रेडिबल इंडिया, इंजीनियर्ड वेटलैंड नामक थीम क्षेत्रों पर विकसित किया जाएगा

# अंबाला

## घर दी रौणक


कविश



गुंजन


रियांश सिंह


जैसविक सिंह लंगेरी

## जोड़ी रहे सलामत


विशाल देवगन और दिव्या।


साहिल और नेहा।


अतुल शर्मा और दीक्षा शर्मा।


सुनील और मधु।

# जिला स्तरीय 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का 9 दिसंबर से शुभारंभ

### 3 दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में वैश्विक गीता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीता सेमिनार, नगर शोभायात्रा के कार्यक्रम बने रहेंगे मुख्य आकर्षण का केन्द्र


जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते अंबाला जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

अंबाला शहर, नवंबर : अंबाला जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर जहां 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अंबाला में 9 से 11 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस गीता जयंती समारोह में वैश्विक गीता पाठ, गीता सेमिनार, नगर शोभा यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता सोमवार को आवास कार्यालय पर गीता जयंती समारोह को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने वीसी के जरिए सभी उपायुक्तों को 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक मनाई जाने वाली जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आदेश दिए कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाएगा। इस गीता जयंती समारोह में सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का आयोजन किया जाएगा। इस कमेटी में नगराधीश, एसडीएम, डीआईपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इस आयोजन का बजट प्रदेश सरकार की तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा। यूएलबी के आयुक्त एवं केडीबी के सदस्य सचिव विकास गुप्ता ने सभी जिला उपायुक्तों को वीसी के जरिए निर्देश दिए कि जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय रहते सभी प्रबंध पूरे किए जाने चाहिए। केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने जिला स्तरीय गीता जयंती में 3 या 5 दिन की प्रदशिज्नी लगाने का सुझाव दिया।

### इस प्रकार से रहेगा जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के कार्यक्रम

**उपायुक्त** पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में 9 से 11 दिसंबर तक लगातार तीन दिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन तीन दिनों में नगर शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैश्विक गीता पाठ, गीता सेमिनार, पवित्र ग्रंथ गीता के विषय पर आधारित प्रदर्शनी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसलिए संबंधित विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दें, ताकि हर वर्ष की भांति जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह परंपरा अनुसार पूरे जोश व उत्साह के साथ मनाया जा सके। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसीयूटी रवि मीणा, डीएसपी विजय, डीआईपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह, डीआईओ अरविंद ज्योत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अखंड गीता मंदिर में 3 दिवसीय 48वें संत सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पहुंचे संत महात्मा

- अंबाला शहर के समाजसेवी सुदर्शन परिवार की ओर से किया गया संतों का भव्य अभिनंदन


सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लेते संत महात्मा व भक्तजन।

अंबाला शहर, नवंबर : अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज रोड़ स्थित अखंड गीता मंदिर आश्रम में परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद महाराज चित्रकूट व ब्रह्मलीन परम पूज्य स्वामी सदानंद महाराज हरिद्वार की पावन स्मृति में तीन दिवसीय 48वें संत सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। संत सम्मेलन की अध्यक्षता साध्वी पूणार्नंद महाराज हरिद्वार द्वारा किया गया, वहीं सभा का संचालन स्वामी कैलाश स्वरूपानंद शास्त्री महाराज द्वारा किया गया। संत सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से संत महात्मा पहुंचे, जहां उनका भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विधिवत यज्ञ हवन किया गया। जिसमें भारी संख्या में संतों के साथ-साथ भक्तों ने भी संपूर्ण आहुतियां डाली। तत्पश्चात गुरुदेव की आरती की गई। जिसमें समाजसेवी अनुभव अग्रवाल अपनी माता कुसुमलता सुदर्शन परिवार सहित पहुंचे, जहां उन्होंने मंच पर विराजमान सभी संत महात्माओं को पुष्पमाला व वस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किए। संत सम्मेलन सभा में उपस्थित महंत बोध प्रकाश साहेब मुबारिक पुर पंजाब, महंत मनोहर साहेब सहारनपुर, स्वामी स्वयं प्रकाश आनंद वृन्दावन, आचायज सनातन चैतन्य महाराज मोतीनगर, स्वामी प्रज्ञानंद महाराज, साध्वी वेद भारती वृन्दावन, स्वामी ज्ञानदेव अंबाला सहित अनेकों संतों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी संत समाज व भक्तों ने ब्रह्मलीन स्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं स्वामी स्वयंप्रकाशानंद ने भजन आदि प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्षता कर रही साध्वी पूणार्नंद ने सभी को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दी, वहीं मंच संचालन कर रहे स्वामी कैलाश स्वरूपानंद शास्त्री ने सभी संतों का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। संत सम्मेलन पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## वरिंदर दीक्षित अम्बाला शहर से राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के अध्यक्ष नियुक्त


नवनियुक्त अध्यक्ष वरिंदर दीक्षित को फूलमाला पहना कर स्वागत करते राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के सदस्य।

**अम्बाला छावनी :** राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) के हरियाणा के अध्यक्ष पंजाब और हिमाचल के प्रभारी जंगशेर शर्मा ने ब्रह्मवाहिनी संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए एक ठोस कदम आगे बढ़ते हुए वरिंदर दीक्षित को अंबाला शहर की बागडोर सौंपी है। इस अवसर पर जिम्मेदारी सोपते हुए उनको नियुक्ति व पत्र दिया गया गया। जंगशेर शर्मा ने अपने संबोधन में बोलते हुए बताया कि वर्षो से अंबाला में विभिन्न कार्यक्रमों की माध्यम से जहां भगवान परशुराम में आस्था रखने वाले संगठन ने समाज की सेवा की यही मजबूती के ही भी युवाओं महिलाओं और समाज के प्रतिष्ठित लोगों को जोड़ते हुए समाज को मजबूत किया है। इसी कड़ी में आज भी वरिन्द्र दिक्षित को भी जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्षा (महिला) वरुणा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश महासचिव महिला रुचि शर्मा, जिला प्रभारी बीके मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा (शैली) जिला महासचिव लखनपाल शर्मा, अजय शर्मा, जिला सचिव अशोक भारद्वाज, अम्बाला छावनी अध्यक्ष विजय शर्मा, उपाध्यक्ष जयकुमार शर्मा, संजय शर्मा, प्रवक्ता अंजू शर्मा, बलदेव नगर अध्यक्ष वेदप्रकाश पराशर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म महाविद्यालय में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम


कार्यक्रम केदौरान नई यूनिट के सभी पदाधिकारी।

**अम्बाला छावनी :** सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला छावनी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एबीवीपी के अंबाला विभाग के संगठन मंत्री नवीन देशवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवम् दिशा निदेर्शानुसार और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंबाला नगर अध्यक्ष व हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ विजय शर्मा और स्वदेशी जागरण मंच जिला अंबाला के विचार विभाग प्रमुख डॉ जोगिंदर रोहिल्ला की देख रेख में आयोजित करवाया गया। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थी वर्ग से अंबाला नगर सह मंत्री जयप्रकाश चौहान ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ जोगिंदर रोहिला ने किया। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर मुस्कान अग्रवाल और गरिमा सूदन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके किया गया। डॉ विजय शर्मा ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सनातन धर्म अंबाला छावनी की महाविद्यालय इकाई का भी गठन किया गया। इस अवसर पर नई यूनिट के सभी पदाधिकारियों को एबीवीपी के अंबाला विभाग संगठन मंत्री नवीन देशवाल और एबीवीपी नगर अध्यक्ष डॉ विजय शर्मा के द्वारा एबीवीपी लिखा हुआ अंगवस्त्र पहनाकर दायित्व ग्रहण करवाया गया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र इंद्र को प्रेजिडेंट के पद का दायित्व मिला। जिला स्वावलंबन केन्द्र में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## टैलीफोन संबंधित समस्याओं के लिए विशेष अदालत 22 नवंबर को

अंबाला शहर, नवंबर : महाप्रबंधक दूरसंचार जिला अंबाला के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि अंबाला दूरसंचार जिले के अंतर्गत आने वाले सभी दूरभाष केंद्र के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों, विवादों की सुनवाई तथा शिकायतों को यथासंभव तुरंत निपटाने के उद्देश्य से अंबाला में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए टेलीफोन अदालत तथा खुला दरबार का आयोजन 22 नवंबर को 12:00 बजे कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार जिला अंबाला में किया जाएगा।

## बाईक सवार आरोपी से 1680 नशीले कैप्सूल बरामद

नारायणगढ़, नवम्बर : सीआईए -2 अम्बाला की पुहलस ने नशीले कैप्सूल पर शिकंजा कसते हुए नारायणगढ़ क्षेत्र से एक बाईक सवार आरोपी से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जानकारी अनुसार सीआईए -2 अम्बाला कैन्ट की पुलिस नारायणगढ़ से काला आम्ब में मौजूद थी। उन्हे गुप्त सुचना मिली कि एक आरोपी भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल लेकर काला आम्ब की तरफ सप्लाई करले आ रहा है। इस पर पुलिस ने नाकाबन्दी की। कुछ देर बाद सढोरा की तरफ से एक बाईक आई जो एक मुंगफली गच्चक की रेहडी के पास आ रूका तो पुलिस ने उसे काबू किया।

इस पर पुलिस से साईड में लगे बैग को चैक करने पर भारी मात्रा में विभिन्न तरह के नशीले कैप्सूल बरामद हुई। उपरोक्त कैप्सूलों की गिनती करने पर कुल 1680 कैप्सूल बरामद हुए। इसपर पुलिस ने आरोपी काका कुमार पुत्र सुरेश सिंह वासी गांव बड़ी खुशहालीपूर जिला सहारनपुर यूपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया। अब पुलिस उसे अदालत में पेश कर रिमांड लेकर पतसा करेगी कि यह आरोपी कहा कहा सप्लाई करता है और यह भारी मात्रा में कैप्सूल कहा से लेकर आया है।

# संतोष भवन पहुंचे 7 सदस्यीय मंडल का समाजसेवी सदस्यों ने किया अभिनंदन


अंबाला शहर के संतोष भवन पहुंचे तिब्बती महिला संघ की सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडली का अभिनंदन करते समाजसेवी सदस्य।

अंबाला शहर, नवंबर : धर्मशाला से चंडीगढ़ होते हुए तिब्बती महिला संघ की सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडली संतोष भवन अंबाला शहर पहुंची। इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भारत तिब्बत समन्वय संघ बीटीएसएस के उत्तर क्षेत्र संरक्षक डॉ. देवेंद्र प्रताप असीजा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरी वंदना ने कुशलतापूर्वक किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में तिब्बती महिला संघ की अध्यक्ष छीरिंग डोलमा और उनकी टीम का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद तिब्बती बच्चों और पर्यावरण की मौजूदा चिंताजनक स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। तिब्बती महिला संघ की अध्यक्ष छीरिंग डोलमा ने अपने वक्तव्य में चीन की दमनकारी नीतियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने बताया कि तिब्बती बच्चों को जबरन कॉलोनियल बोर्डिंग स्कूलों में भेजा जा रहा है, जहां उन्हें उनकी संस्कृति और भाषा से वंचित कर दिया जाता है। यह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि तिब्बत की सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी एक बड़ा खतरा है। डॉ. देवेंद्र प्रताप असीजा ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में तिब्बत की समस्याओं को वैश्विक स्तर पर उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तिब्बत और भारत दोनों शांतिप्रिय देश हैं। तिब्बत की स्वतंत्रता भारत की सुरक्षा से सीधा जुड़ी हुई है।

चीन की दमनकारी नीतियां न केवल तिब्बत की संस्कृति और धरोहर को खत्म कर रही हैं, बल्कि पर्यावरण और बच्चों के अधिकारों पर भी गंभीर संकट खड़ा कर रही हैं। डॉ. देवेंद्र प्रताप असीजा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वास दिलाया कि भारत तिब्बत समन्वय संघ तिब्बत की इस लड़ाई में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। कार्यक्रम का मंच संचालक गौरी वंदना ने भारत तिब्बत समन्वय संघ का परिचय देते हुए आर्य समाज के नवम नियम को उद्धृत किया, जिसमें कहा गया है कि अपनी उन्नति से संतुष्ट न रहकर सबकी उन्नति में ही अपनी उन्नति समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिब्बत की स्वतंत्रता भारत की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

तिब्बती महिला संघ की सदस्य केलसांग डोलमा उपाध्यक्ष, चोएनन डोलमा संयुक्त सचिव, नवांग चोनजोम जनसंपर्क अधिकारी, तमदिन डोलमा संस्कृति एवं धार्मिक अधिकारी, तेनजिन यिंगसेल परियोजना अधिकारी, और छिरिंग भुट्टी शोध एवं मीडिया अधिकारी ने तिब्बत के पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहर पर पड़ रहे खतरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ए.पी मेहता रिटायर्ड चीफ इंजीनियर, डॉ. सौरव गुप्ता भारतीय विकास परिषद के प्रधान, राजेश बंसल, एडवोकेट नम्रता गौड़, प्रतिष्ठित अतिथियों ने सभी का अभिनंदन किया।

## गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा टी विद गुदगुदी सुर संध्या कार्यक्रम में पहुंचे संगीत प्रेमियों ने बांधा समा


कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण जी का चित्र भेंट कर सम्मानित करते समूह सदस्य।

**अंबाला शहर:** सोशल ऑगेर्नाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र की जिला अंबाला शाखा की ओर से अंबाला क्षेत्र के नारायणगढ़ के सेक्टर-4 के पार्क में टी विद गुदगुदी सुर संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समूह के वरिष्ठ पदाधिकारी कर्मजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की मेजबानी नारायणगढ़ प्रभारी राजेश धीमान ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात मां सरस्वती वंदना हुई। इस दौरान चंद्रमौलि गौड़ ने कहा कि गुदगुदी समूह लोगों को इस व्यस्त जिंदगी में तनाव से मुक्ति देने का कार्य कर रहा है। समूह द्वारा मनोरंजन के साथ-साथ दोस्ती बढ़ाने के अलावा सुख-दुःख भी साझा किया जाता है। कार्यक्रम में करीब 10 गायकों ने अपने सुरों के माध्यम से फिल्मी गानों की धुनों से समां बांधा। जिसमें कर्मजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत मेरे महबूब कयामत होगी, सुरेन्द्र कुमार ने सागर किनारे दिल ये पुकारे, शिवराम ने तुझसे नाराज नहीं जिंदगी हैरान हूं मैं, विश्वास धीमान ने तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है, संजय खान ने तेरे चेहरे में वो जादू है, आदि गीत प्रस्तुत किए, वहीं सुरेन्द्र गुलाटी, मोहित धीमान, पंकज गौतम, सुमित त्यागी, शुभम जांगड़ा आदि ने भी अपनी गीतों से खूब रंग जमाया। गीतों के पश्चात वरिष्ठ सदस्य सोमनाथ धीमान ने संत महापुरुषों के मानव जीवन के लिए उपयोगी प्रेरक प्रसंग सुनाए। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मेजबान राजेश धीमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर, तरनजीत सिंह, सुखदेव सिंह, संजीव चौहान, सुनील शर्मा, कश्मीरी लाल व संजीव धीमान सहित अन्य संगीत प्रेमी शामिल रहे हैं।

## 1680 नशीले कैप्सूल सहित किया काबू

**अंबाला शहर :** नशा तस्करी पर लगाम लगाने के उद्देश्य से अंबाला एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के आदेशों पर अंबाला जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अंबाला सीआईए-2 पुलिस टीम ने नशा तस्करी का कार्य करने वाले एक आरोपी को 1680 नशीले कैप्सूल सहित काबू किया है, वहीं अंबाला सीआईए-2 की टीम ने आरोपी को अंबाला कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी को 3 दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले से संबंधित जानकारी देते हुए सीआईए-2 के जांच अधिकारी इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह ने बताया कि गत दिवस सीआईए-2 अंबाला पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी जिसमें बताया गया था कि आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी का कार्य करता है और आज वह नशा तस्करी हेतु मोटरसाइकिल पर काला अम्ब मारकंडा पुल से गुजरेगा।

## राशिफल 19-11-2024 (मंगलवार)

**मेष**
साहसिक प्रयास प्रगति पर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, प्रभावशाली हस्तियों से संपर्क, आपसी सलाह से कामयाबी, भौतिक सुख सुविधा प्राप्त।

**वृषभ**
भाग्योन्नति के नवीन आयाम, विवादास्पद मसला हल, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक सौहार्द, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

**मिथुन**
संकल्प विकल्प की स्थिति, एकाग्रता का अभाव, व्यवहार में लापरवाही से नुकसान, जोखिम से हानि, दूसरों के झूठे आश्वासन, अपनी प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित।

**कर्क**
पूंजी का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, नौकरी में पदोन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, परोपकार की भावना जागृत, निजी जिंदगी में नवीन उपलब्धि हासिल होने की ओर।

**सिंह**
दिन मान प्रतिकूल, कार्यों में गतिरोध, व्यापारिक पक्ष को लेकर चिंतित, राजकीय पक्ष से असहयोग, आय में न्यूनता, चोट-चपेट की आशंका, अकारण भ्रमण भी।

**कन्या**
नवयोजना के प्रति रूचि जागृत, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, भोग विलासिता की ओर रूझान, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

**तुला**
व्यवसाय में विस्तार की योजना फलीभूत, वैमनस्यता का समापन, व्यक्तित्व का विकास, आय के नवीन स्त्रोत, आवागमन में अनुकूलता, आहार-विहार में नवीनता, यात्रा सफल।

**वृश्चिक**
कठिनाइयों का निवारण, बुद्धि विवेक से कई समस्याएं हल होंगी, परिवार में हर्षोल्लास, दूसरों के आश्वासन से राहत, सुसमाचार की प्राप्ति से मन में प्रसन्नता, अध्यव्वसाय की ओर रूझान।

**धनु**
विचाराधीन योजना मूर्त रूप में परिणित, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, गलतफहमी दूर, सदविचारों का उदय, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, हर्ष भी।

**मकर**
बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, शत्रु परास्त, कर्ज की अदायगी समय पर, मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर, अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**
आत्मविश्वास का अभाव, विचारित कार्य अधूरे, विरोधियों का वर्चस्व, धनहानि, यात्रा में बाधा, जीवन साथी से असहयोग, ऋण भुगतान की चिंता रहेगी, तनाव के चलते मन व्यथित।

**मीन**
परिश्रम के अनुरूप सफलता प्राप्त, नवसंपर्क उपयोगी, पुरातन विवाद समापन की ओर, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बुद्धि चातुर्य से तनाव कम।


## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | 8 | | | 7 | |
| | | 2 | | | | | | |
| 7 | | 1 | | | | | | |
| | | | | 7 | 5 | | 3 | |
| 9 | 6 | | | | | | 5 | 4 |
| | 1 | | 2 | 4 | | | | |
| | | | | | | 1 | | 5 |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | | | 2 | 3 | | 4 | |

## सुडोकू- कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 |

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।




विक्रमी संवत 2081, शके 1946, सूर्य दक्षिणायण, शरद ऋतु, मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तत्पश्चात पंचमी, आर्द्रा नक्षत्र तत्पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र, साध्य योग तत्पश्चात शुभ योग, चन्द्रमा मिथुन राशि में विद्यमान।

**राहुकाल: दोपहर : 02:46 से 04:06 बजे तक।**

# फास्ट फूड छोड़कर अपने भोजन का करें सही चुनाव, पोषक तत्वों से युक्त सात्विक भोजन करने से मानसिक रूप से रहेंगे स्वस्थ : डॉ. धनश्री अग्रवाल

- पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में आर्य समाज के तत्वावधान में आयोजित की गई आयुर्वेद कार्यशाला






कार्यशाला में संबोधित करती डॉ. धनश्री अग्रवाल (मध्य)कार्यशाला के दौरान डॉ. धनश्री अग्रवाल को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विकास कोहली तथा (दाएं) कार्यशाला में उपस्थित बच्चे।

अंबाला शहर, नवंबर : अंबाला शहर के पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में आर्य समाज रेलवे रोड अंबाला शहर के तत्वावधान में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एवं उनके व्यक्तित्व विकास के लिए आयुर्वेद विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना था। कार्यशाला में पहुंचे डॉ. धनश्री अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन का सार है, वह हमे जीवन जीने की कला सिखाता है। आयुर्वेद के अनुसार सबसे पहले हमें अपनी दिनचर्या को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करना होता है। सुबह सूर्योदय से पहले उठना चाहिए और कुछ योगासन व व्यायाम करना चाहिए जिससे आप पूरा दिन फ्रेश और एक्टिव रहते हो, आयुर्वेद ने नासिका को मस्तिष्क से जोड़ने वाला अंग बताया है। यदि हम सुबह अपनी नासिक में 2 बूंद तेल या गाय के घी डालते है तो वह हमारे कई रोगों को ठीक करता है। इसके साथ ही हमें अपने भोजन का भी सही चुनाव करना चाहिए। हमें हमेशा पोषक तत्वों से युक्त सात्विक भोजन करना चाहिए। वर्तमान में ज्यादातर लोग बहुत ज्यादा मात्रा में फास्ट फूड का सेवन कर रहे हैं, जाकि हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। फास्ट फूड से हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है। जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में अपना मन एकाग्रचित करने के टिप्स बताए। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने डॉ. धनश्री अग्रवाल का बच्चों के इस सकारात्मक मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं कोहली ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया का सबसे पुराना और सबसे व्यवस्थित विज्ञान है, जो समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम करता है। इस कार्यशाला में आर्य समाज रेलवे रोड़ से आर.एन. मित्तल, संजय मित्तल, पंकज सूरी व दीपक शर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फकिराना सिस्टर्स सोसाइटी द्वारा बेतिया में कार्यशाला

## आप अपनी क्षमताओं को पहचाने एवं अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करके प्राप्त करे - सि0 सरोज लकड़ा

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**बेतिया।** बेतिया स्थित फकिराना सिस्टर्स सोसाइटी बानुछापर द्वारा संचालित डब्ल0एन0 सी0 बी0 परियोजना के तहत जिला स्तरीय बहुहितभागी कार्यशाला का आयोजन शेप सभागार के प्रांगण मे किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था निदेशिका सि0 सरोज लकड़ा, सि0 मेरी एलिस जिला पशुपालन विभाग डॉ विजय कुमार चौधरी डी0 आई0 सी0 के क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी शैलेन्द्र पासवान नगर निगम के एम्बास्टर नीरज गुप्ता चाइल्ड लाइन के पूर्व निदेशक शंभू मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम मे आये अतिथियों एवं प्रतिभागियो को स्वागत करते हुए संस्था निदेशिका सिङ्ग सरोज लकड़ा ने कहा की जिला स्तरीय बहुहीतभागी कार्यशाला से प्रेरणा लेकर जाना है आप अपनी क्षमताओं को पहचाने एवं अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करके प्राप्त करे। परियोजना समन्वयक मङ्ग कलाम अंसारी ने कहा की कार्यक्रम समाप्ति की ओर है कार्यक्रम स्थायित्व मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तभी कार्यक्रम सफलता पायेगी। जिससे कार्यक्रम चाइल्ड लाइन के पूर्व निदेशक शंभू मिश्रा ने कहा की परिवार, समाज मे बदलाव लाना है तो बच्चो को शिक्षा से जोड़ना होगा पिरामल फाउंडेशन के राजू सिंह ने कहा की अपने आप को समझे एक दूसरे को मदद करे जो किशोरी पढ़ाई छोड़ चुकी है उनका नामांकन अगले साल कराकर शिक्षा परियोजना से मिलने वाले लाभ को दिलवाकर किशोरियों को सबल बनाये। युवा कौशल विभाग के जिला प्रबंधक सकील ने कहा की बिहार सरकार के योजना के तहत सभी प्रखंड मे कम्प्यूटर की शिक्षा दी जाती है आप लोग अपने बच्चो को कम्प्यूटर की शिक्षा जरूर दिलवाये और इसका लाभ उठाये। नगर निगम एम्बास्टर नीरज गुप्ता ने कहा की शिक्षा के साथ पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है एक व्यक्ति को स्वस्थ्य रहने के लिए 18 पेड़ की जरूरत होती है आप लोग कम से कम एक पेड़ निश्चित लगावे। डी आई सी के क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी शैलेन्द्र ने कहा की रोजगार के लिए अनेक योजनाए चला रही है विश्व कर्मा योजना, मुख्यमंत्री उधमी योजना के तहत आवेदन कर इसका लाभ उठाकर रोजगार कर परिवार की आमदनी बढ़ाये अपने परिवार को सबल बनाये। जिला पशुपालन विभाग के डॉ विजय कुमार चौधरी ने कहा की गरीबो के उथान के लिए बकरी पालन योजना चल रही है दस बकरी एक बकरा बीस बकरी दो बकरा सौ बकरी पांच बकरा पालने की योजना चल रही है अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति के लिए पचहत्तर प्रतिशत एवं सामान्य जाति के लिए



पचास प्रतिशत अनुदान सरकार के द्वारा दी जाती है आप लोग आवेदन कर इसका लाभ उठावे बकरीपाल कर अपने परिवार की आमदनी बढ़ावे। सिङ्ग मेरी एलिस ने कहा की दस वर्ष पहले जो बीज लगाई थी उसका फल आज मिल रहा है। वरिष्ठ पत्रकार अमानुल हक ने कहा की समाज मेबदलाव लाने के लिए पत्रकार बंधु समस्या को उजाकर कर सरकार को समस्या से अवगत कराकर समाधान मे सहयोग करते है ' सि0 मृदुला के द्वारा धन्यवाद दिया गया परियोजना कार्यकर्ताओ के द्वारा परियोजना गीत एवं नारा के साथ कार्यक्रम की समापन की गई ' कार्यक्रम को सफल बनाने मे परियोजना समन्वयक कलाम अंसारी एवं परियोजना कार्यकर्ता केविन जी रामपुकार चौधरी, विनोद कुमार रंजन कुमार अनिल पाण्डेय, जैबुन नेशा पिंकी प्रकाश, भारती राकेश, आशिया, नूरजहाँ खातून एवं सुजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# अंतरिक्ष वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स एवं उनकी टीम के सदस्यों की सफल धरती पर वापसी के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**



**पश्चिम चंपारण।** अंतरिक्ष वैज्ञानिक सुनीता विलियम एवं उनकी टीम का सुरक्षित धरती पर वापस लौटने के लिए सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन ,मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डा एजाज अहमद अधिवक्ता ,डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल ,वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक, डॉ शाहनवाज अली ,डॉ अमित कुमार लोहिया ने संयुक्त रूप से प्रार्थना सभा में भाग लेते हुए कहा कि हम सभी इस मंच के माध्यम से अंतरिक्ष वैज्ञानिक सुनीता विलियम एवं उनके टीम के वैज्ञानिक सदस्यों की सकुशल धरती पर वापसी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता विलियम एवं उनकी टीम की सुरक्षा को खतरा होने के संकेत मिले हैं, इंटरनेशनल स्पेस सेंटर में 50 जगह आई दरारेंआईएसएस में हवा और प्रेशर अब तेजी से लीक हो रहा है। यह वही हवा और प्रेशर है जो अंतरिक्ष यात्रियों के जिंदा रहने के लिए जरूरी है। इतना ही नहीं आमतौर पर यहां पर 7 से 10 अंतरिक्षयात्री किसी भी वक्त मौजूद रहते हैं। इस समय बाकी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां पर भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स भी मौजूद हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वह स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन पर सवार होकर फरवरी 2025 में पृथ्वी पर वापस लौटेंगी।

# श्री वीर बालाजी हनुमान मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## बैंड, बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई



■ जालौन-उरई

उरई रोड स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा से पहले नगर में बैंड, बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के पहले दिन कथा स्थल श्रीवीर हनुमान बालाजी मंदिर पेट्रोल पंप से कलश व शोभायात्रा यात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा देवनगर चौराहा से काली माता मंदिर, सरस्वती माता मंदिर, गणेशजी मंदिर, नाना महाराज मंदिर, बड़ी माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, छोटी माता मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। झांकियों व बैंड बाजा पर बज रहे भजनों की ध्वनि पर भक्त जयकारे लगाते व नृत्य करते हुए आगे बड़ रहे थे। तो मातायें बहिनें सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर आगे बड़ रही थी। भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा जिस मार्ग से निकली बैंड, बाजों व डीजे पर बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान मंदिर के पुजारी कमलेश अपने सिर पर श्रीमद्भागवत गीता महाग्रंथ को धारण किए थे। कलश यात्रा में कथावाचक आशू पाठक, पारीक्षत कमलेश पुजारी व पुष्पा देवी के साथ अनुरूद्ध विश्नोई, जयपचौरी, देवेंद्र, आशीष पटेल, अंशुल पटेल, रामू, सुमित, आलोक शर्मा, यखिल पटेल, ब्रम्हकिशोर श्रीवास्तव, रिषभ यादव, अभिषेक, शिवम, अरविंद सोनी, सन्नी, अंशुल गुर्जर, क्षितिज, पुष्पा निरंजन, मीना, मंजू, नीलम, अर्चना, ममता, सुनीता, अर्पणा, कल्पना, विनीता, संगीता, विवेचना, प्रवीना आदि भक्त शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र कुमार पटेल, चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र आदि मौजूद रहे। पुजारी कमलेश ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 दिसंबर तक चलेगा। इसमें श्रीमद् भागवत पुराण के साथ ही श्रीराम कथा, श्रीदेवी पुराण, श्रीशिव पुराण का भी आयोजन होगा।

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई एवं आयरन लेडी इंदिरा गांधी के जन्मदिवस।

## सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**





**चंपारण।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की वीरांगना झांसी की रानी ,रानी लक्ष्मी बाई एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री सह बाल स्वतंत्रा सेनानी आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जन्मदिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया । इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता ,डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ,डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया , सामाजिक कार्यकर्ता नवीदूं चतुर्वेदी ,पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि करते हुए कहा कि आज ही के दिन 19 नवंबर 1835 को 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई का जन्म वाराणसी में हुआ था। लक्ष्मी बाई का असली नाम मणिकर्णिका था , प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में मातृभूमि की रक्षा करते हुए रानी लक्ष्मीबाई ने अपने प्राणों की आहुति दी ।इस मंच के माध्यम से हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन भारत की महान बाल स्वतंत्रता सेनानी सह भारत सरकार की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था ।सारा जीवन सामाजिक उत्थान एवं राष्ट्र के लिए उन्नति के लिए रहा। देश की स्वाधीनता के बाद उन्होंने अनेक रचनात्मक कार्य किए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण ,देश के देसी राजाओं का भारत के विकास एवं सरकारी कामकाज में हस्तक्षेप समाप्त करने के लिए उन्होंने अनेक संवैधानिक सुधार किए?। साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने भारत को कानूनी तौर पर धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में मजबूती प्रदान की। साथ ही पूर्वी पाकिस्तान में हो रहे राजनीतिक उठा पुथल एवं नागरिकों के नरसंहार को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करते हुए 1971 में बांग्लादेश राष्ट्र की स्थापना करने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही आतंकवाद एवं अलगाववाद को समाप्त करने के लिए आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने ठोस कदम उठाएं ।इसकी कीमत उन्हें अपनी जान से चुकानी पड़ी । इस मंच के माध्यम से हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर नगर में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

## यात्रा का नगर वासियों ने किया पुष्प वर्षा कर स्वागत

■ कोंच






मै अपनी झांसी कभी नही दूंगी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर और बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा नगर मे भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

विद्यालय से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में रानी लक्ष्मीबाई के भेष में शामिल छात्राओं का विधायक मूलचंद्र निरंजन, सीओ अर्चना सिंह,प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग मारकंडेश्वर तिराहा, सागर चौकी से चंदकुआं पहुंची जहाँ रानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। शोभायात्रा स्टेट बैंक, लवली चौराहा, सर्राफा बाजार, नईबस्ती, कंजड बाबा से होकर विद्यालय पहुंची। शोभायात्रा में घोड़ों पर बैठी छात्रा कृति बोहरे, सृष्टि व्यास, पलक कुशवाहा, प्रिन्सी अग्रवाल, जया गोस्वामी, कुमकुम, तेजस्विनी, वेदिका पटेल रानी लक्ष्मीबाई के रूप में शामिल थीं जो आकर्षणका केंद्र रही। पगड़ी बांधे और हांथों में तलवार थामे छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई अमर रहें के नारे लगाती हुई चल रहीं थीं। रास्ते में कई स्थानों पर शोभायात्रा में शामिल छात्राओं पर पुष्पवर्षा की गयी। शोभायात्रा में आचार्य नरेंद्र सिंह, कृष्णकुमार पांचाल, सुनील पाठक, वेदप्रकाश निरंजन, पंकज बाजपेयी, आनंद भारद्वाज, शैलेन्द्र यादव, विवेक तिवारी, मनीष अग्रवाल, राजीव राठौर, मनोज दुबे, सरला मिश्रा, सरोज खरे, नीतू गर्ग, प्रभा गुप्ता, राधा दुबे, आकांक्षा सिंह, पूजा राठौर, रंजना तिवारी, ज्योति गुप्ता, शुर्ति गुप्ता, शिवानी सिंह, वंदना अवस्थी, साधना चतुर्वेदी, सरिता कुशवाहा, अंजना चचोदिया, अशोक शर्मा, हरिकिशोर निरंजन, रौली मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, मृदुल दुबे, सतीश पाण्डेय, रवि कुमार, योगेश सिंह, अंकित कुमार, रामकुमार निरंजन, विनीत खरे, अरविन्द पटैरया, जीतेन्द्र साहू, शुभम अग्रवाल, पूजा राठौर, दिव्या मिश्रा, सोनम आदि शामिल रहीं।

# चंपारण में शराब के साथ दो गिरफ्तार

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**



**रक्सौल।** आबकारी पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आज सुबह 5 बजे गम्हरिया चौक के पास से रिलायंस पेट्रोल पंप के पास कार्रवाई करते हुए उक्त गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के लिए गठित की गई टीम को रक्सौल उत्पात के निरीक्षक अभिषेक आनंद नेतृत्व कर रहे थे। जबकि छापेमारी में रक्सौल आबकारी थाना की टीम शामिल थी। इसकी जानकारी देते हुए निरीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि नेपाल से शराब तस्करी की गुप्त सूचना मिलने के बाद आज सुबह टीम का गठन कर छापेमारी करते हुए एक टेंपू से कुल 288 पीस नेपाल निर्मित बियर बोतल जब्त की गई है। सभी बोतले 24 कार्टून में पैक किया गया था। इस कार्रवाई में कुल 144 लीटर शराब बरामद की गई है। टेंपू में बीयर लोड कर मोतिहारी के तरफ जा रही थी। टेंपू में सवार रक्सौल के वार्ड 7 अहिरवाटोला निवासी स्व लगन यादव के पुत्र रूपेंद्र यादव उर्फ भूलन यादव और ऑटो चालक रक्सौल के नागा रोड निवासी राजू प्रसाद जायसवाल के पुत्र मयंक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वही रक्सौल चेक पोस्ट पर चलाये गए अभियान में 12 शराबियों को भी हिरासत में लिया गया है। छापेमारी दल में पुअनि उत्पाद लालू प्रसाद यादव, एएसआई उत्पाद व अन्य रहे।

# राजकीय पेंशनरों एवं उनके पात्र आश्रितों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा हेतु तीन दिवसीय अभियान- सीटीओ

■ उरई

वरिष्ठ कोषाधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्टेट हेल्थ एजेन्सी- आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना स्टेट हेल्थ एजेन्सी, उ.प्र., लखनऊ एवं मुख्य विकास अधिकारी, जनपद- जालौन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत जनपद के समस्त राजकीय पेंशनरों एवं उनके पात्र आश्रितों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आबद्ध निजी चिकित्सालयों में रू. 5 लाख प्रति वर्ष की सीमा तक तथा सरकारी चिकित्सा संस्थानों / चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस चिकित्सा की सुविधा अनुमन्य है। योजना का लाभ लेने हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य है। सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को योजना के अन्तर्गत आवेदन / ई-केवाईसी करने हेतु दिनांक 20.11.2024 से 22.11.2024 तक 03 दिवसीय अभियान हेतु शिविर का आयोजन विकास भवन परिसर, उरई में किया जा रहा है।

अतः ऐसे राजकीय पेंशनर्स जिन्होंने आज तक पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत अपना पंजीकरण नहीं कराया है यथाशीघ्र विकास भवन परिसर, उरई में दिनांक 20.11.2024 से 22.11.2024 तक आयोजित होने वाले शिविर में पहुँच कर इस योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन/ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त सुविधा केवल राजकीय पेंशनरों के लिए लागू है।

# ससुरालीजनों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कोंच।** महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासिनी शालू पत्नी पप्पू ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी बेटी नंदनी की शादी बीते करीब 6 माह पूर्व प्रशांत पुत्र महेंद्र कुशवाहा के साथ की थी। बीते रोज बेटी को उसके पति सहित ससुर महेंद्र, देवर छोटे, ननद रक्षा ने कुल्हाड़ी में लगे लकड़ी के बैंत से बुरी तरह मारा-पीटा जिससे वह घायल हो गयी। सूचना मिलने पर उसका बेटा मौके पर पहुंचा तो बेटी के ससुर ने उसे भगा दिया जिसके बाद उक्त लोग बेटी को डांग में ले गए और पेट्रोल डालकर बेटी को जलाकर मारने की कोशिश की। राहगीरों की वजह से बेटी की जान बच सकी। मामले को लेकर पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 85, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

# मारपीट के अलग-अलग मामलों में तीन पर मामले दर्ज

**जालौन-उरई।** जमीन के विवाद और परिजनों के साथ मारपीट के अलग अलग मामलों में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी पंकज कुमार व ओमनारायण के बीच मकान बनाने को लेकर विवाद हो रहा था। मकान बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद उनके बीच उनके बीच गाली, गलौज व मारपीट होने लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। उधर, रूरा मल्लू निवासी रवि कुमार शराब के नशे में परिजनों के साथ गाली, गलौज कर रहा था। जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। जिसकी सूचना परिजनों ने कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष को पितृशोक

**जालौन-उरई।** जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष को पितृशोक होने पर नगर में शोक की लहर दौड़ी। लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा के पिता तुलसीराम विश्वकर्मा (86) का शनिवार को निधन हो गया था। उनके निधन की जानकारी होने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने और मृतक की आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# दर्पण जन कल्याण समिति ने झांसी मेडिकल कालेज में नवजात शिशुओं की मौत पर कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी

■ कोंच



नगर की सामाजिक संस्था दर्पण जन कल्याण समिति ने झांसी मेडिकल कालेज में आग की घटना में 11 नवजात शिशुओं की मौत हो जाने पर आग नागरिको के साथ चंदकुआं स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर कैंडल जलाकर मृत नवजात शिशुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने शिशुओं की असमय मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से घटना की जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की, साथ ही बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहतर उपाय किए जाने की मांग की। इस दौरान मृदुल दांतरे, अमन सक्सेना, सभासद अमित यादव, विवेक द्विवेदी, राजेंद्र निगम, अमीन बेग, प्रह्लाद कौशल, शाहनवाज शानू, अमित चौपड़ा, विनय तिवारी, राजकुमार ,राजा ,भारत विकास परिषद के सचिव दिनेश धुरा, शैलेन्द्र पटैरया आदि मौजूद रहे।

शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी

# संसद सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

- 24 नवंबर की सुबह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर बुलाई गई
- सत्र 25 नवंबर को शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा
- विवादास्पद विधेयक पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा



एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बैठक 24 नवंबर की सुबह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर बुलाई गई है। सत्र 25 नवंबर को शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## विधानसभा चुनावों के नतीजों पर चर्चा संभव

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति विभिन्न राज्यों में कई हितधारकों के साथ लगातार बैठकें कर रही है। इसके जरिए सभी प्रश्नों का समाधान करने और विवादास्पद विधेयक पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सत्र के दौरान 23 नवंबर को घोषित होने वाले झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी दोनों सदनों में चर्चा होने की संभावना है।

## क्यों बुलाई बुलाई जाती है सर्वदलीय बैठक

सत्र से पहले सरकार की ओर से एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। इसमें सरकार की ओर से विपक्ष को अपने विधायी एजेंडे के बारे में बताया जाता है। इसके साथ ही बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा की जाती है, जिन पर पार्टियां संसद में बहस करना चाहती हैं।

### वक्फ संशोधन विधेयक पास कराने की तैयारी

शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराने की कोशिश करेगी। यह फिलहाल सदन की संयुक्त संसदीय समिति के पास है। सत्र के दौरान सरकार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक भी पेश कर सकती है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि उनकी सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए काम कर रही है। इससे लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव सुनिश्चित होंगे।

## संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन

इससे पहले रिजिजू की ओर से बताया गया था कि राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर 2024 के शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सत्र संसदीय कार्यों की अनिवार्यताओं के अधीन बुलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया था कि 26 नवंबर यानी संविधान दिवस को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## इन मुद्दों पर हंगामा तय

इस संसद सत्र में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है और इसी के चलते सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस सत्र में सबसे अहम विधेयक होगा वक्फ संशोधन विधेयक जिस पर संसद में लंबी चर्चा होगी। इसे लेकर संसद समिति का गठन भी किया गया था और इसी रिपोर्ट पर सदन में चर्चा होगी।

# इस्तीफे से पहले गहलोत की केजरीवाल से हुई थी बहस

केजरीवाल को पहले से पता था कि कैलाश गहलोत पार्टी छोड़कर जाएंगे। क्योंकि, एक बार नहीं, बल्कि कई बार उनकी आपस में तू-तू, मैं-मैं की नौबत आ गई थी।

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए हैं। शामिल होते हुए उन्होंने कहा कि यह फैसला उन्होंने रातों-रात नहीं लिया है। तो सवाल यह है कि यह फैसला उन्होंने कब लिया था। जब केजरीवाल जेल में थे, तब क्यों नहीं लिया। या जब शराब घोटाले में ईडी ने उनसे पूछताछ की, तब क्यों नहीं लिया। यहां मैं एक बात बता दूं कि कैलाश गहलोत को शराब घोटाले का सब कुछ पता है। क्योंकि, वह कैबिनेट की उस तीन सदस्यीय कमेटी के मेंबर थे, जिसने शराब नीति पर फैसला लिया था। कमेटी के बाकी दो सदस्य थे मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन। इसलिए कैलाश गहलोत को पता है कि कैबिनेट कमेटी ने क्या नीति बनाई थी और केजरीवाल ने खुद कैबिनेट कमेटी की सिफारिश में क्या-क्या बदलाव किए थे। इसलिए केजरीवाल की जुबान सूख गई है। वह कैलाश गहलोत पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे। पहले दिन जब सवाल पूछा तो उन्होंने माइक दुर्गेश पाठक की तरफ बढ़ा दिया। ऐसा ही तब हुआ था, जब लखनऊ में मीडिया ने स्वाति मालीवाल की पिटाई पर सवाल हुआ था तो केजरीवाल ने माइक संजय सिंह की ओर बढ़ा दिया था। दूसरे दिन जब सवाल पूछा तो बोले कि सब को आज़ादी है, जो जिस दल में जाना चाहे, जाए। केजरीवाल खुद गहलोत के खिलाफ एक शब्द अपने मुंह से नहीं निकाल रहे। क्योंकि, उन्हें पता है कि इधर उन्होंने जुबान खोली तो उधर से दनादन हमला होगा। कैलाश गहलोत भी उस वक्त का इंतजार कर रहे हैं, जब केजरीवाल अपनी जुबान खोलें। लेकिन, फिलहाल तो केजरीवाल की जुबान सूख गई है। उन्हें पता है अब शराब घोटाले में उन्हें कोई नहीं बचा सकता। आने वाले समय में गहलोत शराब घोटाले का मुख्य गवाह बनेगा। राजनीति में कोई चीज अचानक नहीं होती। गहलोत ने पार्टी छोड़ने का मन तो तभी बना लिया था, जिस दिन मनीष सिसोदिया जेल में गए थे, लेकिन वह टालते रहे। टकराव तब शुरू हुआ था, जब केजरीवाल ने गहलोत से विधि विभाग लेकर आतिशी मार्लेना को दे दिया था। केजरीवाल को पहले से पता था कि कैलाश गहलोत पार्टी छोड़कर जाएंगे। क्योंकि, एक बार नहीं, बल्कि कई बार उनकी आपस में तू-तू, मैं-मैं की नौबत आ गई थी। गहलोत पार्टी में बाद में शामिल होने वालों में से नहीं है। वह अन्ना आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता थे। गहलोत को केजरीवाल का हर बात के लिए केंद्र सरकार से टकराव पसंद नहीं था। इसलिए पार्टी के भीतर उन्हें मोदी के प्रति सॉफ्ट माना जा रहा था। उपराज्यपाल को लेकर केजरीवाल और गहलोत में कई बार टकराव हुआ। दो-तीन बार तो केजरीवाल ने कैबिनेट मीटिंग में ही उपराज्यपाल को लेकर कैलाश गहलोत पर तंज भी कसा था, क्योंकि गहलोत की कोई फाइल राजभवन में अटकती नहीं थी। जबकि, बाकी सब मंत्रियों की फाइलें अटक ही जाती थी। गहलोत ने केजरीवाल, सिसोदिया और संजय सिंह की तरह कभी उपराज्यपाल की आलोचना नहीं की। यह बात केजरीवाल को बहुत खटकती थी, दोनों में उस समय अविश्वास ज्यादा बढ़ गया, जब केजरीवाल ने 15 अगस्त को आतिशी मार्लेना से झंडा फहराने की इच्छा जाहिर की थी। लेकिन, उपराज्यपाल ने कैलाश गहलोत को झंडा फहराने का आदेश जारी कर दिया। केजरीवाल ने संदेश भेजा था कि वह झंडा फहराने से मना कर दें। केजरीवाल संवैधानिक संकट पैदा करना चाहते थे, लेकिन गहलोत उसके लिए तैयार नहीं हुए। केजरीवाल ने उस समय तो चुप्पी साध ली, उन्होंने 'आप' के नेताओं को संदेश दिया कि इसका विरोध न करें। केजरीवाल ने खून का घूंट पी लिया था, लेकिन तभी उन्होंने इस कांटे को निकालने का फैसला कर लिया था। लेकिन, उन्होंने गहलोत को ऐसा एहसास नहीं होने दिया। केजरीवाल जब जेल से रिहा हुए तो वह गहलोत की कार में बैठकर ही शीश महल पहुंचे थे। तब ऐसी कोई बात नहीं थी कि केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और उनकी जगह पर कोई मुख्यमंत्री बनेगा। जब केजरीवाल ने इस्तीफा देकर आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री बनाया, गहलोत उस दिन भी इस्तीफा देने वाले थे। क्योंकि, विधायक दल में उनके नाम पर करीब-करीब सहमति थी, लेकिन किसी विधायक की राय लिए बिना ही केजरीवाल ने आतिशी मार्लेना के नाम की घोषणा कर दी। इसलिए गहलोत ने अपनी इस्तीफे की चिठ्ठी में उन्हें तानाशाह भी लिखा है। लेकिन, अगर वह उस दिन इस्तीफा देते तो माना जाता कि क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, इसलिए इस्तीफा दिया, तब उनके इस्तीफे का केजरीवाल के खिलाफ ऐसा माहौल नहीं बनता, जैसा अब बना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में थम नहीं रहे पराली जलाने के केस



**अंबाला ।** राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के कारण पंजाब में पराली जलाने के 1,250 मामले सामने आए। यह इस मौसम में एक ही दिन में पराली जलाने की सबसे अधिक संख्या है। इसके साथ ही राज्य में पराली जलाने के मामलों की कुल संख्या 9,655 तक पहुंच गई। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के सबसे प्रमुख कारणों में से एक पराली जलाना रहा है। 6 नवंबर को, केंद्र सरकार ने किसानों को रोकने के लिए पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना कर दिया। पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले लोगों के लिए जुर्माना बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया गया।

### भीषण आग लगने से दो कपड़ा दुकानें जलकर खाक



**अररिया ।** बिहार के अररिया में आग ने भारी तबाही मचाई। नगर पंचायत मुख्यालय स्थित जोकीहाट बाजार में रविवार की रात आग लगने से दो कपड़े की दुकान जलकर राख हो गये। अगलगी की इस घटना में दो तल्ला पक्का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट होना बताया गया है। फायर ब्रिगेड की टीम ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी में करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। आग की चपेट में आए दुकानों में शिवम ड्रैसेस और न्यू हैंडलूम शामिल हैं। हांलाकि अगलगी की घटना में जले कपड़े औ मकान में हुई क्षति का सही आंकलन करना मुश्किल है।

### अमेरिका में लागू होगी नेशनल इमरजेंसी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अवैध प्रवासियों के खिलाफ एक बड़ा फैसला लिया है। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के खिलाफ सैन्य बलों का इस्तेमाल कर सकता है। वहीं, इस मामले को लेकर अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर टॉम फिटॉन नामक शख्स के पोस्ट को रि-पोस्ट करते हुए इस बात की पुष्टि की। टॉम फिटॉन ने एक्स पर लिखा, खबरें हैं कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी लागू कर सेना के जरिए घुसपैठियों को बड़ी संख्या में निकालने की तैयारी कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 समिट में कई बड़े नेताओं से की द्विपक्षीय वार्ता

# राष्ट्रपति मैक्रों से मिले गले, मेलोनी के साथ लगाए ठहाके

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं
- प्रधानमंत्री मोदी ने भूख और गरीबी को कम करने में भारत की कई सफलताओं का जिक्र किया

एजेंसी, ब्राजील

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं, पश्चिम और वैश्विक दक्षिण से मुलाकात की है। उन्होंने रक्षा और भविष्यवादी प्रयासों से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य तक के क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत किया है। जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी ने सोमवार को औपचारिक बैठकें और अनौपचारिक बैठकें भी कीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्री जयशंकर की मौजूदगी वाले प्रतिनिधिमंडल ने भारत और इटली से जुड़े अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव से हुई पीएम की खास बातचीत

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ एक संक्षिप्त बातचीत की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि उनकी बैठक में, पीएम मोदी ने भूख और गरीबी को कम करने में भारत की कई सफलताओं का जिक्र किया। शिखर सम्मेलन से पहले पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक संक्षिप्त बातचीत की थी और वह उनके बगल में बैठे थे। पीएम मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ भी औपचारिक बैठकों की। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा, यह साल खास है क्योंकि हम भारत-इंडोनेशिया राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर रहे हैं।





भविष की योजना को लेकर मैक्रों से हुई बातचीत

वाणिज्य, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य क्षेत्रों में संबंधों में सुधार हुआ। पीएम मोदी ने अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात में अत्यंत खुशी भी व्यक्त की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच अंतरिक्ष, ऊर्जा और एआई जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने इस बारे में बात की कि कैसे भारत और फ्रांस अंतरिक्ष, ऊर्जा, एआई और ऐसे अन्य भविष्य के क्षेत्रों में मिलकर काम करते रहेंगे। हमारा देश लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेगा।"

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से मुलाकात पर पीएम मोदी ने कहा कि हमारी बातचीत वाणिज्य, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को बेहतर बनाने पर केंद्रित थी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से मिलकर प्रसन्नता हुई। यह साल विशेष है क्योंकि हम भारत-इंडोनेशिया राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं। हमारी बातचीत वाणिज्य, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को बेहतर बनाने पर केंद्रित थी।

## ईरान को भारी पड़ी रूस की दोस्ती

**ईरान ।** ईरान पर आरोप लगता आया है कि वह यूक्रेन युद्ध में रूस को मिसाइल और अन्य हथियार दे रहा है। यूक्रेन और गाजा युद्ध के बाद ईरान ने रूस और चीन के साथ मिलकर एक अलग एक्सिस ऑफ स्टेट बनाया है, लेकिन उसको इस एक्सिस का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसकी शुरुआत ब्रिटेन ने कर दी है। ब्रिटिश सरकार ने ईरान के ऊपर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने कहा कि वह ईरान की राष्ट्रीय एयरलाइन और उसकी सरकारी स्वामित्व वाली शिपिंग कंपनी की संपत्ति को फ्रीज कर देगा, जिसने हथियारों को रूस भेजने में मदद की। साथ ही कहा कि वह रूसी मालवाहक जहाज पोर्ट ओला-3 पर भी प्रतिबंध लगाएगा, जिसने ईरान से मिसाइलें पहुंचाई थीं। हालांकि, ईरान इन आरोपों को खारिज करता रहा है। ब्रिटेन की तरफ से यह ऐलान यूक्रेन में युद्ध के 1,000 पूरे होने के एक दिन बाद हुआ है। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के अंदर गहराई तक हमला करने वाली अमेरिकी मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन में कहा कि जब तक जरूरी हो, हमें यूक्रेन का समर्थन करने के लिए दोगुना प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने विश्व नेताओं से यूक्रेन की मदद करने की अपील की।

मणिपुर हिंसा: केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का निर्णय लिया गया

# कूकी उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया जाएगा

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर के जिरीबाम में सात दिनों के भीतर तीन महिलाओं और तीन बच्चों का शव मिलने के बाद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के विधायकों की एक बैठक में कूकी उग्रवादियों के खिलाफ सामूहिक अभियान चलाने का प्रस्ताव अपनाया गया। यह बैठक सोमवार की रात को हुई, जिसमें 25 विधायक शामिल हुए। बैठक में मामले को तुरंत केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का निर्णय लिया गया। इस बैठक को लेकर एक बयान भी जारी किया गया है। बयान में बताया गया, सात दिनों के भीतर तीन महिलाओं और तीन मासूम बच्चों की हत्या के लिए जिम्मेदार कूकी उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया जाएगा। बयान में कूकी उग्रवादियों को गैर संगठन घोषित करने की बात कही गई। यह भी बताया गया कि केंद्र 14 नवंबर के आदेश के अनुसार तत्काल प्रभाव से अफ्स्पा लगाने की समीक्षा करेगा। अगर इन आदेशों को निर्धारित अवधि के भीतर लागू नहीं किया जाता है तो सभी एनडीए विधायक मणिपुर के लोगों के साथ परामर्श करके आगे की कार्रवाई तय करेंगे। मणिपुर में शांति सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। विधायकों में मणिपुर के मंत्रियों और विधायकों के आवासों पर हुए हमले की भी निंदा की।



## देश में बढ़ते प्रदूषण पर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली समेत देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरे को देखते हुए, स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों से तेजी से कदम उठाने की अपील की है ताकि इसके गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों से बचा जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने पत्र जारी करते हुए कहा देश में वायु प्रदूषण के वजह से स्वास्थ्य पर बढ़ते पर गंभीर चिंता व्यक्त की। पत्र में कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते हाल के वर्षों में कई गंभीर समस्यायों को जन्म दिया है। सर्दियों में देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक अक्सर खराब से लेकर गंभीर स्तर तक पहुंचता है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने 19 अक्टूबर को जारी पत्र में राज्यों से जन जागरूकता अभियान तेज करने, स्वास्थ्य कर्मचारियों की क्षमता को मजबूत करने और वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के लिए निगरानी प्रणाली में भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई थी।

नेपाल सीमा में महाकाली नदी पर फोर लेन का मोटरपुल बनकर तैयार

# भारत-नेपाल के बीच रिश्ते का सेतु बनकर तैयार, रिश्तों में आएगी नई गरमाहट

एजेंसी, हल्द्वानी

सीमा विवाद के बीच भारत और नेपाल के रिश्तों में नई गरमाहट लाने के लिए उत्तराखंड की सीमा से पड़ोसी देश को एशियन हाईवे और मोटर पुल से जोड़ने की तैयारी है। पिथौरागढ़ के छारछुम में काली नदी पर टू लेन और चंपावत के बनबसा से छह किमी दूर नेपाल सीमा में महाकाली नदी पर फोर लेन का मोटरपुल बनकर तैयार है। दोनों देशों की सीमा में स्थानीय स्तर पर एप्रोच रोड और एशियन हाईवे का कितना कार्य हो चुका है, दोनों मार्गों से भारत और नेपाल आपस में कब तक जुड़ जाएंगे। आजादी के बाद पहली बार उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की सीमा से नेपाल को जोड़ने के लिए छारछुम में 110 मीटर लंबा सेतु बनकर तैयार है। निर्माण में लगभग 32 करोड़ की लागत आई है, जिसमें नेपाल की सीमा में 110 मीटर की एप्रोच रोड भी शामिल है। दूसरी ओर 180 मीटर की एप्रोच रोड बनाने के लिए संशोधित डीपीआर शासन को भेजी गई है। पूरे प्रोजेक्ट का खर्च धामी सरकार वहन कर रही है। नेपाल में दो एप्रोच रोड का कार्य भी राज्य सरकार करेगी। नेपाल सीमा में 110 मीटर एप्रोच रोड का कार्य चल रहा है। 180 मीटर का कार्य शुरू करने के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने का इंतजार है। छारछुम पुल से पहले भारतीय सीमा में सुरक्षा एजेंसियों के लिए चौकी, पार्किंग भी बननी है। इसकी भी डीपीआर लोक निर्माण विभाग ने राज्य सरकार को भेज दी है।



सर्दियों में तापमान कम होने और हवा की धीमी गति जैसी प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से प्रदूषण जानलेवा हो जाता

# चिंताजनक: 18 साल में 72% बढ़ा प्रदूषण, विकट हालात में सेहत को नुकसान

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रदूषण के चलते सांसों पर संकट बनी जहरीली हवा सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों के लोगों की उम्र कम कर रही है। सर्दियों में तापमान कम होने और हवा की धीमी गति जैसी प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से प्रदूषण जानलेवा हो जाता है। जिसके चलते यहां के लोग बाकी देश के मुकाबले सात साल कम जीते हैं। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बिहार और पश्चिम बंगाल इसी इलाके में आते हैं। यह खुलासा हुआ है यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट (ईपीआईसी) के अध्ययन में। शोधकर्ताओं के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के बाहर लगे मॉनिटरिंग स्टेशनों से गंगा के मैदानी इलाकों से जो आंकड़े मिले हैं, वे सर्दी में होने वाले प्रदूषण के अलग पैटर्न को दर्शाते हैं।



## 72 फीसदी बढ़ा प्रदूषण 18 साल के भीतर

अध्ययन के अनुसार, 1998 से 2016 तक इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण 72 फीसदी बढ़ा है। दक्षिण एशिया में इंडो गंगा के मैदानों को पारा समेत प्रदूषकों का हॉटस्पॉट माना जाता है। इसकी वजह उनकी बड़ी आबादी, तेज आर्थिक विकास और औद्योगीकरण भी है। चिंता यह...फेफड़े में प्रवेश कर जाते हैं पीएम 2.5 के कण...सर्दी आने के साथ ही यहां वायु गुणवत्ता जहरीली होती जाती है और पीएम10 में पीएम2.5 की मात्रा बढ़ जाती है। पीएम10 में पीएम2.5 की हिस्सेदारी हवा में विषाक्तता का पैमाना होती है।

## दुनिया की नौ फीसदी आबादी इसी इलाके में

सिंधु-गंगा के मैदानों में भारत के उत्तर व पूर्वी भाग का अधिकांश भाग, पाकिस्तान के सर्वाधिक आबादी वाले भू-भाग, दक्षिणी नेपाल के कुछ भू-भाग और करीब-करीब पूरा बांग्लादेश शामिल है। इस क्षेत्र में दुनिया की कुल आबादी का 9 फीसदी हिस्सा रहता है। इसके भारतीय क्षेत्र में कुल आबादी की 40 फीसदी जनसंख्या निवास करती है। सिंधु-गंगा का मैदान, जिसे उत्तरी मैदानी क्षेत्र और उत्तर भारतीय नदी क्षेत्र भी कहा जाता है, विशाल एवं उपजाऊ मैदानी इलाका है।

CMYK

संपादकीय

# वायु प्रदूषण का कहर

**दिल्ली** एनसीआर में सर्दी शुरू होते ही प्रदूषण का मामला गरमा जाता है। यह हर साल होता है और हर साल होता रहेगा। बल्कि वक्त के साथ-साथ प्रदूषण और ज्यादा बढ़ेगा। सवाल यह है कि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कौन है? सच तो यह है कि सब अपने-अपने हिस्से का प्रदूषण फैला रहे हैं। वे भी प्रदूषण से फिक्रमंद लगते हैं, जिनके घरों में कई-कई एसी लगे होते हैं, कई-कई गाड़ियां पोर्च में खड़ी रहती हैं। ले देकर हर साल पराली पर प्रदूषण का ठीकरा फोड़ दिया जाता है। क्या पराली ही प्रदूषण का एक वाहिद कारण है? दिल्ली में वायु प्रदूषण जानलेवा स्तर तक पहुंचने के बाद सोमवार से ग्रैप-4 जीआरएपी-4 लागू कर दिया गया है। यह जीआरएपी-4 संभवतः बहुत लोगों ने पहली बार सुना होगा। कम से कम मैंने तो पहली बार सुना है। सोमवार से 10वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए ऑनलाइन मोड में स्कूल खोलने का ऐलान किया गया है। क्या इससे ऊंची कक्षाओं में ऑफलाइन पढ़ने वाले छात्र प्रदूषण प्रूफ होते हैं? क्या उन्हें प्रदूषण नहीं सताता होगा? क्या वे प्रदूषण से बीमार नहीं होते। क्लॉस ऑन लाइन करने का फायदा क्या है? क्या प्रदूषण की मार सिर्फ स्कूलों में है, सभी घरों में क्या हवा साफ करने वाले उपकरण लगे हैं? नौवीं और 11वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों के लिए स्कूल 18 नवंबर से अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। क्या 18 नवंबर के बाद प्रदूषण कम हो जाएगा? सरकार वायु प्रदूषण से बचने के जो उपाय करती है, वह तुगलकी ज्यादा लगते हैं, व्यवहारिक कम। तमाम उपायों के बाद दिल्ली-एनसीआर गैस के चेंबर में तब्दील हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण मामले में ग्रैप-3, ग्रैप-4 को लागू करने में देरी पर दिल्ली सरकार फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आपने तीन दिन तक इंतजार क्यों किया? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय की अनुमति के बिना ग्रैप 4 को वापस नहीं लिया जाएगा। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली और एनसीआर में ही नहीं है। इसकी चपेट में पूरा उत्तर भारत है। प्रदूषण सिर्फ पराली जलाने या पटाखों से ही नहीं पैदा होता है। इसके पीछे बहुत से कारण हैं। चूंकि हवा में प्रदूषकों को हमारी नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है, इसलिए हमें प्रदूषण के बढ़ते स्तर के स्रोतों का एहसास नहीं होता है। वायु प्रदूषण के पीछे कई कारक हैं। यहां तक कि घरों में होने वाली गतिविधियां भी वायु प्रदूषण पैदा करती हैं। हम जिस भौतिक युग में पहुंच गए हैं, उसमें वायु प्रदूषण अब हकीकत है। यह भविष्य में कम नहीं होगा, बल्कि और बढ़ेगा?

**सरकार वायु प्रदूषण से बचने के जो उपाय करती है, वह तुगलकी ज्यादा लगते हैं, व्यवहारिक कम। तमाम उपायों के बाद दिल्ली-एनसीआर गैस चेंबर में तब्दील हो गया है।**


पाठकवाणी

## फूहड़ता परोसी जा रही सोशल मीडिया पर

बहु उपयोगी सोशल मीडिया आजकल महज फुहड़ मनोरंजन,दिल दहला देने वाले दृश्यों और फेक जानकारियों का गढ़ बन गया है। 24 घंटे इस पर कुछ न कुछ ऊल-जुलूल चलता ही रहता है। रील का शौक लोगों में चरम पर है। लोकप्रियता के लिए लोग जान हथेली पर रखकर कैसे-कैसे खतरे उठाने को तैयार हो जाते हैं, यह देश में घटित हो रही घटनाओं से समझा जा सकता है। ट्रेन, रेल की पटरियों, नदी, नालों, पहाड़ों का मकान जैसी खतरनाक जगह पर लोग जान को जोखिम में डालकर स्टंट करने से बाज नहीं आते। लगातार हो रही अनहोनी घटनाओं के मद्देनजर रेलवे बोर्ड ने अब रील बनाने वालों को सबक सिखाने की सोची है। चलती ट्रेनों और रेल पटरियों पर अब रील बनाकर किसी ने सुरक्षा के प्रति खतरा पैदा किया तो उसके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज होगी। देखने में आया है कि रील बनाने वाले पटरियो पर वस्तुएं रखकर कलाबाजियां दिखाते हैं जिससे ट्रेनों में सफर करने वाले हजारों लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। बोर्ड ने उचित निर्णय लिया है ऐसे ही कदम अन्य क्षेत्रों में भी उठाए जाने की जरूरत है जो जोखिम से निजात दिला सके। सोशल मीडिया का सदुपयोग किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया का इस्तेमाल धार्मिक नफरत फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। यह देश और समाज के हित में नहीं है।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

कुछ खास



धारावी की भूमि वहां रहने वाले लोगों की है; पूरी मशीनरी एक व्यक्ति की मदद के लिए इस्तेमाल की जा रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कुछ अरबपतियों और गरीबों की विचारधारा के बीच की लड़ाई है। करीब 1 लाख करोड़ रुपए एक अरबपति को देने की तैयारी है।

**-राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''गुजरात में अदानी पोर्ट बन चुका है ड्रग्स का बहुत बड़ा अड्डा। 700 किलो ड्रग्स पकड़ा गया है? कोई सुनने वाला नहीं है। देश पूरी तरह से बर्बादी की ओर जा रहा है?''

**-मनीषा चौबे**

साइबरवर्ल्ड

## ओढ़ी हुई कट्टरता

**कट्टरता** इंसानियत को मार देती है। यह दीमक है, जो अंदर से खोखला करती है। कट्टरता को प्रचारित-प्रसारित करने के पीछे प्रायः कट्टरपंथी ताकतों के अपने स्वार्थ होते हैं। यह जमात के प्रभुओं के वर्चस्व की लड़ाई है, धर्म की नहीं। राजनीतिक नेतृत्व के स्तर पर तो यह विशुद्ध ओढ़ी हुई (कट्टरता) होती है। ये नेतृत्वकर्ता वैचारिक स्तर पर कतई कट्टर नहीं होते हैं। वे सिर्फ और सिर्फ अवसरवादी होते हैं। यही कारण है कि वे ही जिन्ना, जो कभी दावा करते थे कि हिंदू-मुस्लिम कभी एक साथ नहीं रह सकते और हिंदू-मुस्लिम दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, बाद में पाकिस्तान बन जाने पर, वहां सभी धर्मों के प्रति सद्भाव अपनाए जाने की वकालत करते हुए पाए जाते हैं। क्योंकि उनका उद्देश्य निष्कंटक सत्ता प्राप्ति था। यह भी एक दिलचस्प बात है कि इन्हीं जिन्ना का शुरुआती जीवन हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए समर्पित था। बिलकुल सावरकर या अल्लामा इकबाल की तरह। हिंदुत्व विचार के संवाहक सावरकर भी कभी अपनी -1857 का स्वातंत्र्य समर की किताब में हिंदू-मुस्लिम एकता की बड़ी वकालत की थी। वे भी एक समय इस एकता बड़े पक्षधर हुआ करते थे। उसी तरह जिन्ना ने भी खुद को बदला। याद करिए कभी जिन्ना के लिए सरोजनी नायडू ने, उन्हें हिंदू मुस्लिम एकता का एंबेसडर कहा था। जिन्ना निजी जिंदगी में पाश्चात्य संस्कृति को अंत तक जीते रहे। जिस धार्मिक उन्माद के लिए वह जाने जाते थे, वह व्यक्तिगत जीवन में अनुपस्थित था। जो मंचों पर था, वह जीवन में नहीं था। पाकिस्तान के निर्माण के समय जिन्ना ने धूर्तता के सारे रिकॉर्ड तोड़े। वहीं दूसरी तरफ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुस्लिम लीग के साथ सरकार में थे। मुस्लिमों से इतनी नफरत और उन्हीं के साथ गलबहियां!! यह सब क्या है? जाहिर है यह मौकापरस्त राजनीति थी। आज भी दिनरात कट्टरता को परोसने वाले नेता यही सब करते घूमते हैं। वे कब किसके यहां बिरयानी खाने पहुंच जाएं, कब अब्दुल से अपने याराना के किसी गढ़ने लगें और कब उनसे खतरे दिखाने लगें, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए इनकी कट्टरता ओढ़ी हुई है। ये कट्टर नहीं हैं।

**-संजीव शुक्ल** की फेसबुक वॉल से

# चौड़ी हुई आर्थिक विषमता की खाई



**शाहीन सबा**

पिछले एक दशक से भारतीय अर्थव्यवस्था की गाड़ी सम्मानजनक रफ़्तार से आगे बढ़ रही है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार पिछले तीन वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने सुधार की कई मंजिलें तय की हैं। अर्थव्यवस्था में व्यवस्थित तरीके से विस्तार हुआ है। वित्त वर्ष 2024 में वास्तविक जीडीपी का स्तर वर्ष 2020 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक हो गया है। दुनिया की कुछ ही अर्थव्यवस्थाएं हैं, जिन्होंने ऐसी संवृद्धि को बरकरार रख पाने में कामयाबी पायी है। सर्वेक्षण बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 के लिए आशावादी है। व्यापक और समावेशी विकास की उम्मीद की जा रही है। समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत के नीति नियंताओं ने 'ट्रिकल-डाउन' के सिद्धांत पर भरोसा जताया। तमाम सामाजिक-आर्थिक नीतियों के सृजन में इसी सिद्धांत को आधार बनाया गया है। हालांकि 1991 में भारत ने उदारीकरण अपनाने के साथ ही इस सिद्धांतको अंगीकार कर लिया था। पिछले एक दशक सरकार से नवउदारवादी आर्थिक नीतियों की गाड़ी त्वरित गति से आगे बढ़ रही है।

'ट्रिकल-डाउन' यानी रिसाव के सिद्धांत के मुताबिकधनी लोगों को दिए जाने वाले फायदे अंततः समाज के निचले तबके तक रिस-रिसकर पहुंचते हैं। इस सिद्धांत की मान्यता है कि मुक्त बाजार की व्यवस्था में अगर कुछ लोग बहुत अधिक तरक़्की करते हैं तो उसमें कोई गलत बात नहीं। क्योंकि उनकी दौलत उनके खर्चों के माध्यम से रिस कर नीचे आएगी जिससे समाज के निचले तबकों को भी फायदा पहुंचेगा। रिसाव की यह मान्यता पिछली सदी के 70वें दशक से खास लोकप्रिय हुई। 1980 के दशक में अमेरिका में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन और ब्रिटेन में प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर की आर्थिक नीतियाँ इसी मान्यता के जेरे-असर थीं। ज्ञातव्य हो कि अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणाओं में 'ट्रिकल-डाउन' नाम का कोई बुनियादी सिद्धांतकभी नहीं रहा। इस शब्द का पहली बार इस्तेमाल हास्य कलाकार विल रोजर्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर की आर्थिक नीतियों की आलोचना करने के लिए किया था।



**ट्रिकल-डाउन के समर्थकों का तर्क है कि धनी लोगों और कॉरपोरेट के हाथों में अधिक धन होने से व्यय, बचत, निवेश और रोजगार आदि को बढ़ावा मिलता है। इससे सभी को लाभ होता है। लेकिन भारत के मौजूदा आर्थिक नतीजे बताते हैं कि देश में ट्रिकल-डाउन कारगर नहीं दिखता।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 73 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए भाषण में संपत्ति का सृजन करनेवाले कारोबारी वर्ग को कर आदि में रियायतें देने बात कही थी। प्रधानमंत्री का कहना था कि इस कदम से अर्थव्यवस्था में निजी पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। धनाढ्य वर्ग और व्यापारियों को उद्योग व व्यापार में सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार ने अनेक सकारात्मक कदम उठाए। कारपोरेट करों में कटौती समेत कई प्रोत्साहन दिए गए।

वर्ष 2019-20 में कॉरपोरेट टैक्स की दर को 30 फीसदी से घटाकर 22 फीसदी कर दिया गया। साथ ही सरकार ने नई निगमित घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर को 15 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन इन रियायतों के अपेक्षित नतीजे नहीं दिखते। टैक्स में कटौती इस उम्मीद में की गई थी कि कॉरपोरेट सेक्टर में निजी निवेश बढ़ेगा। वित्तीय वर्ष 2020 और 2021 में निजी पूंजी निर्माण यानी नई मशीनरी और उपकरणों के खरीद में लगातार कमी दर्ज की गई। हालांकि अगले दो वर्षों 2022 और 2023 में निजी पूंजी निर्माण में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2019 और 2023 के दौरान निजी गैर-वित्तीय निगमों का सकल अचल पूंजी निर्माण 34.1 प्रतिशत से बढ़कर 34.9 प्रतिशत ही हुआ। जाहिर है, निजी सेक्टर ने इन छूटों का उपयोग अपने प्लांटों का विस्तार करने के बजाए देनदारियों को चुकाने में किया।

वर्ष 2019-23 की अवधि में सरकारी पूंजीगत व्यय ही अर्थव्यवस्था के पहिये को गति देने में सहायक हुआ। केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 2019-20 के जीडीपी के 1.67 फीसदी से बढ़कर चालू वर्ष में 3.2 फीसदी तक पहुंच गया है।आर्थिक सर्वेक्षण-2024 बताता है कि वित्त वर्ष 20 से केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में साल दर साल 28.2 प्रतिशत की रफ्तार से वृद्धि हुई है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों के दौरान श्रम के अनौपचारिकरण में वृद्धि हुई है। कृषि में श्रम भागीदारी दर में इजाफा हुआ है। विकास की बुनियादी समझ कहती है कि अर्थव्यवस्था में विकास के साथ खेती में लगी श्रमशक्ति घटनी चाहिए और विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में श्रम भागीदारी दर बढ़नी चाहिए। लेकिन इसके बरक्स खेती के कामों में लगे लोगों की संख्या 2018-19 के 42.5 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 46.1 फीसदी हो गई। इस असंबद्धता की बड़ी वजह है कि कॉरपोरेट सेक्टर रोजगार सृजित करने के मामलों में फिसड्डी साबित हो रहा है। पीएलएफएस के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय युवाओं के लिए नौकरियों का टोटा पड़ा है। वर्ष 2012 से 2023 के दौरान बेरोजगारी दर दोगुनी हो गई है।

पिछले एक दशक के दौरान देश में प्रतिव्यक्ति आय में तकरीबन 35 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2014-15 में प्रति व्यक्ति आय 72,805 रुपये थी जो 2022-23 में बढ़कर 98,374 रुपये हो गई। इसमें सालाना चक्रवृद्धि दर पर मात्र 3.83 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। चूंकि, वास्तविक मुद्रास्फीति पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता है, इसलिए प्रति व्यक्ति आय के स्तर में वास्तविक इजाफा और भी कम रह जाएगा। यदि हम शीर्ष की 1 प्रतिशत आबादी के अलावा बाकी के 99 प्रतिशत आबादी के प्रति व्यक्ति आय को देखें तो इसमें मामूली वृद्धि ही दिखती है। इतना ही नहीं, आर्थिक विषमता की खाई भी गहरा गई है। पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर से हाल में जारी एक शोधपत्रके मुताबिक देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद हिस्सा था। घरेलू बचत के मोर्चे पर भी बहुत आशाजनक माहौल नहीं दिखता। वित्त वर्ष 2022 में शुद्ध घरेलू बचत दर 7.3 प्रतिशत से घटकर 5.3 प्रतिशत के स्तर पर आ पहुंची है। यह गत 47 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। वहीं दूसरी तरफ परिवारों पर देनदारी यानी ऋण का बोझ बढ़ रहा है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में कुल खुदरा ऋण यानी रिटेल लोन जीडीपी का 12.1 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 19.4 प्रतिशत हो गया। वहीं देश में धनकुबेरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। दुनिया के अमीर लोगों की 'फोर्ब्स' सूची के अनुसार वर्ष 2014 से 2022 के दौरान, भारतीय अरबपतियों की शुद्ध संपत्ति में 280 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय आय में 27.8 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

ट्रिकल-डाउन के समर्थकों का तर्क है कि धनी लोगों और कॉरपोरेट के हाथों में अधिक धन होने से व्यय, बचत, निवेश और रोजगार आदि को बढ़ावा मिलता है। इससे सभी को लाभ होता है। लेकिन भारत के मौजूदा आर्थिक नतीजे बताते हैं कि देश में ट्रिकल-डाउन कारगर नहीं दिखता। आर्थिक नीतियां ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फ गिने-चुनों को लाभ पहुंचाने के बजाए सभी के लिए हितकारी हों। भारतीय ज्ञान परंपरा में कहा ही गया है-'सर्वे भवन्तु सुखिनः'। यही सूक्ति समग्र आर्थिक नीतियों का प्रेरक दर्शन बने, तभी बृहतर कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

अमृतवाणी

## अछूत व्यक्ति

**एक** दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ एकदम शांत बैठे हुए थे। उन्हें इस प्रकार बैठे हुए देख उनके शिष्य चिंतित हुए कि कहीं वे अस्वस्थ तो नहीं हैं। एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आज वह मौन क्यों बैठे हैं। क्या शिष्यों से कोई गलती हो गई है ? इसी बीच एक अन्य शिष्य ने पूछा कि क्या वह अस्वस्थ हैं? पर बुद्ध मौन रहे। तभी कुछ दूर खड़ा व्यक्ति जोर से चिल्लाया, आज मुझे सभा में बैठने की अनुमति क्यों नहीं दी गई है? बुद्ध आंखें बंद करके ध्यान मग्न हो गए।



वह व्यक्ति फिर से चिल्लाया, मुझे प्रवेश की अनुमति क्यों नहीं मिली? इस बीच एक उदार शिष्य ने उसका पक्ष लेते हुए कहा कि उसे सभा में आने की अनुमति प्रदान की जाए। बुद्ध ने आंखें खोलीं और बोले, नहीं वह अछूत है, उसे आज्ञा नहीं दी जा सकती। यह सुन शिष्यों को बड़ा आश्चर्य हुआ। बुद्ध उनके मन का भाव समझ गए और बोले, हां वह अछूत है। इस पर कई शिष्य बोले कि- हमारे धर्म में तो जात-पांत का कोई भेद ही नहीं, फिर वह अछूत कैसे हो गया? तब बुद्ध ने समझाया, आज वह क्रोधित हो कर आया है। क्रोध से जीवन की एकाग्रता भंग होती है। क्रोधी व्यक्ति प्रायः मानसिक हिंसा कर बैठता है। इसलिए वह जबतक क्रोध में रहता है तब तक अछूत होता है। इसलिए उसे कुछ समय एकांत में ही खड़े रहना चाहिए। क्रोधित शिष्य भी बुद्ध की बातें सुन रहा था, पश्चाताप की अग्नि में तपकर वह समझ चुका था की अहिंसा ही महान कर्तव्य व परम धर्म है। वह बुद्ध के चरणों में गिर पड़ा और कभी क्रोध न करने की शपथ ली। आशय यह कि क्रोध के कारण व्यक्ति अनर्थ कर बैठता है और बाद में उसे पश्चाताप होता है। इसलिए हमें क्रोध नहीं करना चाहिए।

तीखी नजर

## मांग-आपूर्ति का सिद्धांत



पूरन सरमा

'भाई दूध बहुत पतला होने लगा है। यह भैंस पानी पीने लगी है या नल खूब आने लगा है।' मैंने दूध वाले से कहा। 'क्या बताएं साहब। दूध तो वही है। पता नहीं भैंस को क्या हुआ है। पानी दुगुना पीने लगी है।' 'भाई ऐसे पानी पीने लगी है तो मेरा दूध तो कल से ही बंद कर दो। तुम्हारे दूध की एवज तो अच्छा स्वच्छ पानी पी लेना ज्यादा लाभदायी होगा।' मैं बोला।

'जैसी आपकी मर्जी। एक दिक्कत और हुई है। दूध की मात्रा तो उतनी ही है, लेकिन दूध लेने वाले ज्यादा हो गए हैं। हर आदमी होम डिलेवरी चाहता है। अब बताइए कि मांग और पूर्ति का सिद्धांत नहीं अपनाऊं तो क्या कमाऊंगा।' वह व्यावहारिक दलील देकर बोला। 'लेकिन जब भाव तुम बीस रुपए किलो का ले रहे हो तो फिर दूध तो ढंग का आना चाहिए न। न तो दही जमता और न मलाई आती।' मैंने कहा।

'ऐसा है साहब। दही का भाव सात रुपए पाव है और आप जो दूध ले रहे हैं, वह पांच रुपए पाव का है। मलाई हार्ट के लिए ठीक नहीं है। मोटापा बढ़ाती है। इसलिए मलाई का नहीं होना तो स्वास्थ्य के लिए ठीक है।' दूधवाले ने ढिठाई से कहा। मैंने कहा-'ठीक है, जाओ।' वह चला गया हंसता हुआ।

दूधवाला फिर वही दूध और अधिक पतला कर ले आया और बोला-'दूध भले पतला है साहब। लेकिन है लाभदायी। गांधीजी बकरी का पतला दूध पीते थे-वह हल्का और सुपाच्य होता है। अभी जो तथ्य आए हैं, वे चैंकाने वाले हैं। भैंस के दूध में वसा बहुत होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल पता करके ही किया जाना चाहिए। इसलिए मैंने अपने सभी ग्राहकों के हित में दूध को काफी पतला कर दिया है।'

'तुम कल से दूध मत लाना। मैं बच्चों को थोड़ा ढ़ंग का दूध पिलाना चाहता हूँ।' वह-'ठीक है।' कहकर चला गया। दूसरा दूधवाला लगा लिया। लेकिन दूध वही का वही। उससे भी एक दिन मैंने कहा-'भाई मैंने दूधवाला इसलिए बदला था ताकि ढंग का दूध मिल सके। लेकिन तुमने तो मेरी आशाओं पर पानी फेर दिया है।'

'वह क्या था साहब, दूध की मांग बहुत बढ़ गई है। दूसरे लोग जैसा देते हैं, वैसा ही लेकर भी आब्लाइज महसूस करते हैं। आप चाहें तो कोई नया दूध वाला लगाओ।'

'भाई दूधवाले कब तक बदलूं। ढंग का दूध मिल जाए तो बच्चों का थोड़ा स्वास्थ्य बन जाए।'

'अरे साहब, स्वास्थ्य के लिए इन्हें ठीक जलवायु चाहिए। शहर में वैसे ही प्रदूषण बढ़ रहा है। ऊपर से आप शुद्ध दूध और पीना चाहते हैं। बच्चे नहीं पचा पायेंगे या तो उलटी कर देंगे या फिर पचा नहीं पाने से बीमार हो जाएंगे।'

'लेकिन तुमसे अच्छा तो पहले दूधवाला जो दूध लाता था-वही ठीक था।' मैंने कहा। वह बोला-'उनसे ले लो। एक ही बात है। वे मेरे पिताजी हैं।'

मैं अचरज से देखता रह गया उसे।

नजरिया

# ड्रग्स तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना होगा



**डॉ. ओपी त्रिपाठी**

बीती 25 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर थे। इस दौरान गृह मंत्री ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा। स्मगलर नेचुरल ड्रग से सिंथेटिक ड्रग की ओर बढ़ रहे हैं। यह ड्रग्स कम मात्रा में आती है और इसकी कीमत सबसे ज्यादा होती है। शाह ने कहा, जिस तरह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है, उसे देखते हुए देश में फैल रहे ड्रग नेटवर्क का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में दो हजार करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों की बरामदगी वाकई चौंकाने वाली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 560 किलोग्राम से ज्यादा कोकीन जब्त की है। इस तस्करी से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के 4 लोगों को गिरफ्तार करने में भी कामयाबी हासिल की है। देश की राजधानी में इतनी बड़ी खेप का पकड़ा जाना चैंकाने से अधिक चिंता की बात है। दिल्ली ही नहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों में हर साल हजारों करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जाते हैं। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में इन पदार्थों की खपत होती है और युवाओं का भविष्य चैपट हो रहा है। पाकिस्तान के रास्ते होने वाली इस तस्करी के जरिए समाजकंटक खूब पैसा कमा रहे हैं। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक मिलीभगत का खेल भी चल रहा है।

अहम सवाल यह है कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद नशे का यह जाल दिन दूनी, रात चैगुनी प्रगति कैसे कर रहा है? क्या पुलिस और सरकारी एजेंसियों की मिलीभगत भी है? एक दशक पहले तक पंजाब को नशीले पदार्थों का केंद्र माना जाता था। वर्तमान में लगभग पूरा देश इसकी गिरफ्त में नजर आ रहा है। तमाम सरकारी प्रयास नाकाफी नजर आ रहे हैं। क्या नशीले पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि सरकार उसके सामने कमजोर नजर आ रही है? या फिर हमारे कानून में कमी है जिससे अपराधियों को सजा ही नहीं मिल पाती? कई देशों में नशीले पदार्थों को लेकर सरकारें कड़े कानून बना रही हैं। भारत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी संबंधी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में 2020 में जब्त की गई अफीम की चैथी सबसे बड़ी मात्रा 5.2 टन है और उसी वर्ष जब्त की गई मॉर्फिन की तीसरी सबसे बड़ी मात्रा 0.7 टन थी। ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार, भारत ने 2019 में विश्व भर में 7 फीसदी अफीम तथा 2 फीसदी हेरोइन को जब्त की। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत में व्यापक रूप से उत्पादित और उपयोग किए जाने वाले दो ड्रग्स अफीम और भांग हैं। पोस्ता के पौधे से अफीम और भांग के पौधे से भांग प्राप्त होती है। दोनों को साइकोएक्टिव ड्रग्स कहा जाता है, जिनके प्रयोग से लत और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सरकार ने अवैध फसलों को नष्ट करने, ड्रग्स को जब्त करने, तस्करों को गिरफ्तार करने और जागरूकता उत्पन्न करने जैसे विभिन्न उपायों के साथ ड्रग्स पर कार्रवाई तीव्र कर दी है।

**कठोर और सख्त कानूनों के उपरांत भी नशीले पदार्थों का व्यापार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह है भ्रष्ट प्रशासन। पुलिस विभाग की निष्क्रियता, अपराधियों को शह और भ्रष्ट सिस्टम की वजह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है।**



खबरों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की दो बड़ी जेलों में बंद 50 फीसदी कैदी नशा तस्करी के हैं। इसमें युवा और महिलाएं भी शामिल हैं। चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस ने मिशन क्लीन चला रखा है। इसके तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यही वजह है कि वर्तमान में जिले की दो जेल चिट्टा समेत अन्य नशों की तस्करी के मामले में पकड़े कैदियों से भर गई हैं। इसमें प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों के तस्कर शामिल हैं। कैथू जेल में वर्तमान में करीब 280 विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदी हैं। इसमें चिट्टा समेत अन्य मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े कैदियों की संख्या 133 है, यानि करीब 50 फीसदी हैं। इसमें 8 महिलाएं भी शामिल हैं। केंद्रीय कारागार कंडा में सजायाफ्ता और विचाराधीन दोनों तरह के कैदियों को रखा जाता है। इसमें करीब 500 कैदी हैं। पुलिस के मुताबिक इसमें से स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के मामलों में गिरफ्तार कैदियों की संख्या 165 है। इसमें 120 कैदी सजायाफ्ता हैं जबकि 45 विचाराधीन हैं। केंद्रीय कारागार में भी सबसे अधिक कैदी नशा तस्करी से जुड़े मामलों के हैं। नशा तस्करों की इस संख्या को लेकर हर कोई हैरान हैं।

युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ऐसे कृत्य से जुड़े लोगों को सजा दिलाने के लिए भारत में भी कड़े कानून बनाने की जरूरत है। अलग-अलग राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय की भी जरूरत है। साथ ही आम जनता का सहयोग भी लिया जाना चाहिए, ताकि नशे के नेटवर्क का समय रहते पता चल सके और उसे तोड़ा जा सके। कठोर और सख्त कानूनों के उपरांत भी नशीले पदार्थों का व्यापार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह है भ्रष्ट प्रशासन। पुलिस विभाग की निष्क्रियता, अपराधियों को शह और भ्रष्ट सिस्टम की वजह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है। पुलिस विभाग में इच्छाशक्ति हो तो महज कुछ दिनों मे नशे की तस्करी बंद हो सकती है। तस्करों से सांठगांठ के चक्रव्यूह को तोड़ने में आ रही अड़चनों को दूर किए बिना अपेक्षित परिणाम की उम्मीद करना बेमानी होगा।

# कोचिंग की जिम्मेदारी छोड़ेंगे विटोरी

● वाका,

**ऑस्ट्रेलिया** के गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के दौरान टीम को छोड़कर सऊदी अरब में सनराइजर्स हैदराबाद के कोच के तौर पर आईपीएल नीलामी में शामिल होंगे।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में 22 नवंबर को शुरू हो रहा है, जबकि जेद्दाह में नीलामी 24 और 25 नवंबर को चलेगी। इसके कारण इस मैच में कॉमेंट्री करने जा रहे पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर भी मैच के दौरान अनुपस्थित रहेंगे। विटोरी आईपीएल टीमों के उन दुर्लभ कोचों में से हैं, जिनके पास सहायक कोच के रूप में किसी अंतर्राष्ट्रीय टीम का भी स्थायी प्रभार है। इसके अलावा वह हंड्रेड टूर्नामेंट में बर्मिंघम फीनिक्स के भी मुख्य कोच हैं। वह 2022 से तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी कोच भी हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने उन्हें फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी कोचिंग की अनुमति दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े एक प्रवक्ता ने बताया कि डैन (विटोरी) इस टेस्ट की तैयारियों को पूरी कर आईपीएल नीलामी के लिए जेद्दाह जाएंगे और फिर शेष टेस्ट मैचों के लिए टीम से जुडेंगे। सीए एक नए पूर्णकालिक राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच के लिए भी विज्ञापन दिया है जो भविष्य में विटोरी के उन दौरों पर उनकी जगह ले सकेगा। विटोरी सोमवार को वाका मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के अभ्यास सत्र में भाग लिया।

# कीवी गेंदबाज ब्रेसवेल पर लगा एक महीने का बैन



● वेलिंगटन,

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल पर कोकीन लेने के आरोप में एक महीने का बैन लगाया गया है। इस साल जनवरी में सेंट्रल स्टैग्स और वेलिंगटन के बीच खेले गए टी-20 मैच के बाद वे कोकीन लेकर खेलने की वजह से पॉजिटिव पाए गए थे। इस मैच में ब्रेसवेल ने मैच विनिंग पारी खेली थी, उन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए थे, उसके बाद 11 गेंद में 30 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया था। स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ने ब्रेसवेल पर 1 महीने का बैन लगाया था। स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ते काहू रौनुई ने न्यूजीलैंड के क्रिकेटर पर प्रतिबंध लगाया। हालांकि, कोकीन का सेवन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले किया गया था और इसलिए, उन्हें कम सजा मिली। शुरू में तीन महीने की सजा को घटाकर एक महीने का कर दिया गय। जिसके बाद एक महीने का निलंबन अप्रैल 2024 तक के लिए रोक दिया

### मैच के दौरान कोकीन लेने का आरोप, न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेले

गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ने पहले ही अपना प्रतिबंध पूरा कर लिया है, जिससे वह किसी भी समय क्रिकेट खेलना फिर से शुरू कर सकते हैं। डग ब्रेसवेल पूर्व क्रिकेटर माइकल ब्रेसवेल के भाई हैं। उन्होंने आखिरी बार न्यूजीलैंड के लिए मार्च 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेला था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी-20 मैच खेले हैं। 28 टेस्ट मैच में उन्होंने 74 विकेट चटकाए हैं। 21 वनडे मैच में उनके नाम 26 और 20 टी-20 मैच में उनके नाम 20 विकेट हैं। मार्च 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ ब्रेसवेल ने अपना आखिरी मैच खेला था।

## सार संक्षेप

### आकिब जावेद बने पाकिस्तान के सीमित ओवर के अंतरिम कोच

लाहौर : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक आकिब जावेद को सीमित ओवर टीम का अंतरिम कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आकिब को चैंपियंस ट्रॉफी तक अतिरिक्त प्रभार दिया जा रहा है ।पीसीबी ने कहा है कि पाकिस्तान के स्थाई सीमित ओवर कोच की भी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पीसीबी चाहती है 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी तब तक पाकिस्तान को स्थाई कोच भी मिल जाए। गद्दाफी स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि हमने अस्थाई तौर पर आकिब जावेद को सीमित ओवर के कोच का पद संभालने के लिए कहा है। हम नहीं चाहते कि हड़बड़ी में हम किसी ऐसे स्थाई कोच को ले आएं जो टीम के लिए सही न हो। लिहाजा इन तीन महीनों के लिए आकिब इस पद को संभालेंगे। ये केवल सीमित ओवर के लिए है जो अंतरिम तौर पर है। अगले 10-15 दिनों में हम स्थाई प्रमुख कोच के लिए भी खोज शुरू कर देंगे, हमें उम्मीद है कि हमें एक अच्छा कोच मिल जाएगा। जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच का पद पर बने रहेंगे और वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम के साथ होंगे। पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका दौरा 26 दिसंबर से शुरू होगा जहां दो टेस्ट मैच, एकदिवसीय सीरीज और एक टी-20 भी खेला जाएगा।

### सीके नायडू ट्रॉफी में गोवा से ड्रा खेलकर यूपी ने जुटाए तीन अंक

**कानपुर** : आराध्य यादव (320) के तिहरे शतक की मदद से उत्तर प्रदेश ने सीके नायडू अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के सोमवार को संपन्न हुए ड्रा मुकाबले में गोवा के मुकाबले पहली पारी में बढ़त हासिल कर तीन अंक अर्जित किये जबकि गोवा को एक अंक से संतोष करना पड़ा। ग्रीनपार्क स्टेडियम पर यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 587 रन बनाये थे जिसके जवाब में गोवा की टीम 194 रन पर लुढ़क गयी थी। फालोऑन खेलते हुए गोवा ने खेल की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 283 रन बना लिये थे। अजान थोटा ने 111 रन और देवनकुमार ने 82 रन बना कर यूपी की सीधी जीत की उम्मीद को खत्म कर दिया। अजान स्वास्तिक चिकारा का शिकार बने जबकि देवनकुमार का विकेट रिषभ बंसल ने चटकाया।

### आईओए के सहयोग से करेगा भारत ऐतिहासिक खो-खो विश्वकप की मेजबानी

**नई दिल्ली** : भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी स्टेडियम (आईजीआई) में अगले वर्ष 13 से 19 जनवरी तक होने वाले पहले खो-खो विश्वकप की मेजबानी में सहयोग करेगा। आईओए ने आधिकारिक तौर पर भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के साथ अपनी साझेदारी की पुष्टि करते हुए इस आयोजन के लिए सहयोग करने वादा किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में इस आयोजन के महत्व को समझते हैं और हम टूर्नामेंट की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। केकेएफआई अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आईओए के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष पीटी उषा के नेतृत्व में आईओए का समर्थन खो-खो के लिए एक गेम-चेंजर है। यह सहयोग खो-खो को वैश्विक मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण है और हम पहली बार खो-खो विश्वकप की मेजबानी करने के लिए रोमांचित हैं, जो इस खेल के लिए वास्तव में एक ऐतिहासिक आयोजन है।


# गंभीर-सरफराज के समर्थन में गांगुली

## गांगुली ने कोच गंभीर की पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे पूर्व खिलाड़ियों से तुलना की



● नई दिल्ली,

**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ियों से तुलना करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। इसके साथ ही गांगुली ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सरफराज खान को मौका दिए जाने का भी पुरजोर समर्थन किया है। रेवस्पोर्ट्ज के साथ बातचीत में गांगुली ने कहा कि मैं बस इतना कहूंगा कि उन्हें वैसे ही रहने दो। मैंने संवाददाता सम्मेलन में उसकी कुछ आलोचना देखी है। वह ऐसे ही हैं, उन्हें उनके जैसे रहने दो। जब उन्होंने आईपीएल में जीत दर्ज की थी, तब भी वह ऐसे ही थे। तब आप उन पर खुश थे। आलोचना केवल इसलिए कि वह श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला हार चुके हैं, उनकी सीधी बात को आपने सही ढ़ंग से नहीं लिया, लेकिन वह ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा कि और क्यों नहीं वह ऐसे हों ऑस्ट्रेलियाई, जब से मैंने क्रिकेट देखा है, वे हमेशा से बात करने में कठोर रहे हैं। फिर चाहे वह स्टीव वॉ, पोंटिंग या मैथ्यू हेडन हों, वे इसी तरह



से खेलते थे। इसलिए गंभीर ने जो कहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। वह ऐसे ही हैं और वह लड़ना जानते हैं। वह प्रतिस्पर्धा करना जानते हैं, इसलिए हमें उन्हें मौका देना चाहिए। अभी दो या तीन महीने ही हुए हैं और आप उन पर फैसला सुना रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए सरफराज की उपयुक्तता के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में गांगुली ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि आपको उसे जानने का मौका देना होगा। उसे मौका दिए बिना आप कैसे कुछ कह सकते हैं। पहले उसे विफल होने दें। उसने घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाते हुए टीम में अपनी जगह बनाई है। उसे किसी ने मौका नहीं दिया है। इसलिए उसे मौका दिए बिना उसे खारिज न करें। एक बार जब आप ऐसा कर लेंगे, तो आप निर्णय लेने की स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट हूं, आपको उसे जानने का मौका देना चाहिए कि वह कितना अच्छा या बुरा है। ऐसा किए बिना, उसके बारे में निर्णय न दें।

# तेलुगू टाइटंस का असाधारण प्रदर्शन, हरियाणा को हराया

● नोएडा, ब्यूरो

**तेलुगू** टाइटंस ने पवन सहरावत के बगैर ही एक असाधारण प्रदर्शन करते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 61वें मैच में टेबल टापर हरियाणा स्टीलर्स को 49-27 के अंतर से हरा दिया। यह 11 मैचों में हरियाणा की तीसरी हार है।

टाइटंस क 10 मैचों में छठी जीत दिलाने में टाइटंस के डिफेंस का योगदान है। डिफेंस ने कुल 16 अंक लिए और इसका नेतृत्व सागर रावल और शंकर दगई (5-5 अंक) ने किया। रेड में आशीष ने 11 अंक लिए जबकि विजय ने 8 अंक लिए। हरियाणा के लिए राहुल सेतपाल (6) ने हाई-5 लगाया जबकि शादलू ने पांच अंक लिए। टाइटंस ने सात मिनट में ही हरियाणा को आलआउट कर दिया था। शुरुआती तीन मिनट में स्कोर 3-3 था। इसके बाद टाइटंस ने रफ्तार पकड़ी और हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। हरियाणा

### 11 मैचों में हरियाणा की तीसरी हार

हालांकि इसका लाभ नहीं ले सकी और आलआउट होकर 4-10 से पिछड़ गई। आलइन के बाद हरियाणा ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी लेकिन टाइटंस ने भी दो अंक लेकर 6 का फासला बनाए रखा। ब्रेक के बाद शिवम ने बोनस लिया और फिर आशीष को डैश कर संजय ने स्कोर 9-13 कर दिया।

शिवम हालांकि डू ओर डाई रेड पर सेल्फ आउट हो गए। अब शादलू की बारी थी। डू ओर डाई रेड पर आशीष को लपक उन्होंने स्कोर 10-14 कर दिया लेकिन अंकित ने इसी तरह की रेड पर विनय को लपक लिया। शादलू फिर रेड पर आए और बिना टच के लाबी में चले गए। रिवाइव होकर आए आशीष ने डू ओर डाई रेड में चार के डिफेंस में साहिल को आउट कर फासला 7 कर दिया।

### सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

**ट्यूरिन (इटली), वार्ता** : इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने सोमवार को अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। सिनर का एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स के रूप में घरेलू धरती पर यह पहला खिताब है। यहां खेले गये मुकाबले में जैनिक सिनर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया। यह एक सत्र का उनका आठवां खिताब हैं। इस जीत के साथ वे एटीपी रैंकिंग के इतिहास में वर्ल्ड नंबर वन बनने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए। सिनर को खिताब जीतने पर पुरस्कार स्वरूप 41 करोड़ 35 लाख रुपये प्राप्त हुए है। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मुझे वास्तव में लगता है कि अभी भी सुधार की कमी है। आज मैंने कई बार बहुत, बहुत अच्छी सर्विस की, जो पूरे टूर्नामेंट में ऐसा नहीं था। अभी भी कुछ शॉट और पॉइंट हैं जिन्हें मैं कभी-कभी बेहतर बना सकता हूं, लेकिन वे छोटी-छोटी बारीकियां हैं। उन्होंने कि मैं इससे बहुत खुश हूं क्योंकि यह एक अविश्वसनीय सीजन को समाप्त करने का एक बहुत अच्छा तरीका है। बहुत सारी जीतें, बहुत सारे खिताब।



# स्टॉयनिस ने खेली अर्धशतकीय पारी

## ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

● होबार्ट,

**गेंदबाजों** ने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 61) रनों की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 52 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया।

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 3.3 ओवर में 30 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। मैथ्यू शॉर्ट (02), जेक फ्रेजर-मक्गार्क (16) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान जॉश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में अब्बास अफरीदी ने जॉश इंग्लिस (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्कस स्टॉयनिस ने 27 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुये (नाबाद 61) रनों की पारी



खेली। टिम डेविड सात रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 11.2ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी, अब्बास अफरीदी और जहानदाद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (09) को स्पेंसर जॉनसन ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हसीबउल्लाह खान ने बाबर आजम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एडम जम्पा ने हसीबउल्लाह खान (24) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद पाकिस्तान की पारी ताश के पत्तों की ढह गई। उस्मान खान (03), आगा सलमान (01), इरफान खान (10), अब्बास अफरीदी (01), जहानदाद खान (05),शाहीन शाह अफरीदी (16), सुफियान मकीम (01) रन बनाकर आउट हुये। बाबर आजम ने 28 गेंदों में (41) रन बनाये। उन्हें एडम जम्पा ने बोल्ड आउट किया। पाकिस्तान की पूरी टीम 18.1 ओवर में 117 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐरन हार्डी ने तीन विकेट लिये। स्पेंसर जॉनसन और एडम जम्पा को दो-दो विकेट मिले। नेथन एलिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इंग्लैंड ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज, महमूद प्लेयर ऑफ द सीरीज

### इंग्लैंड-विंडीज का आखिरी टी-20 बारिश में धुला

**सेंट लूसिया,** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था।

सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके। खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लुईस ने पहला ओवर डाल रहे जोफ्रा आर्चर की दूसरी बॉल पर चौका जमाया। फिर होप के साथ मिलकर 5वें ओवर में टर्नर



की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाते हुए 16 रन लिए। इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे। इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए। शुरूआती 3 मैच जीते थे इस मैच के रद होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरूआती 3 मुकाबले जीते थे, जबकि चौथे मुकाबले को जीतकर विंडीज की टीम ने वापसी की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)